राष्ट्रीय दैनिक

बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

अजय देवगन की भोला में स्पेशल अपीयरेंस...8

दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

बुधवार, 23 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 333 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

नड्डा का बड़ा आरोप, कांग्रेस ने हमेशा वोटबैंक की राजनीति की, आपस में लड़वाने का किया काम

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से प्रहार किया। जेपी नड्डा ने साफ तौर पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति की है। उसने लोगों को आपस में लड़ माया है। अपने संबोधन में नड्डा ने कहा कि आज नए भारत की नींव रखने का काम हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कर रहे हैं। इसके साथ डी उन्होंने दावा किया कि

गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, आदिवासी, महिला... अगर इनको किसी ने आवाज दी है तो वो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने दी है। नड्डा ने आगे कहा कि कांग्रेस ने हमेशा वोटबैंक की राजनीति की, आपस में लड़वाने का काम किया। उन्होंने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं ने सिवाए अपने घरों को भरने के अलावा कभी कोई चिंता नहीं की, प्रदेश की... समाज की... आप लोगों की चिंता अगर किसी ने की है तो भारतीय जनता पार्टी ने की है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों लोगों को इलाज के लिए 5 लाख रुपये का हेल्थ कवर नरेंद्र मोदी की सरकार ने दिया। आज जिले–जिले में मेडिकल कॉलेज और जन औषधि केंद्र खोलने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सस्ता और अच्छा इलाज देने का काम किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में हमने 3 करोड़ 60 लाख मकान बनाए और गुजरात की बात करें तो यहां भी 15 लाख मकान बना कर दिए गए हैं। हमने किसानों की भी तकदीर बदलने का काम किया है और आज 11 करोड़ 78 लाख से अधिक किसानों के खाते में 2–2 हजार रुपये पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मोदी जी देश को कोरोना वैक्सीन लगवा रहे थे तो कांग्रेस के नेता लोगों को बहकाने और बरगलाने का काम कर रहे थे। ये है इनका दोहरा चरित्र और दोहरी राजनीति। उन्होंने यह भी कहा कि आज हमारे 21–22 साल के बच्चों को मालूम ही नहीं है कि कर्फ्यू क्या होता है वरना गुजरात में साल के 365 में से 265 दिन दंगा–फसाद होते थे।

संजय राउत ने कोश्यारी को बताया बीजेपी का प्रचारक

कहा– महाराष्ट्र में राज्यपाल की गरिमा खत्म हो गई

मुंबई। शिवसेना नेता संजय राउत (उधव ठाकरे गुट से) ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह भाजपा के एक विनम्र सेवक और प्रचारक हैं। संजय राउत ने

आगे कहा कि वे भगत सिंह कोश्यारी को महाराष्ट्र का राज्यपाल मानने को तैयार नहीं हैं। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि उन्हें हम राज्यपाल मानने को तैयार नहीं है वे तो बीजेपी के प्रचारक हैं। जो राज्यपाल होते हैं वह तो संविधान का ध्यान रखते हैं, लेकिन जिस प्रकार से राज्यपाल (भगत सिंह कोश्यारी) ने जो भी वक्तव्य दिया है उससे महाराष्ट्र की जनता में गुस्सा है। लोग इसका विरोध कर रहे हैं, महाराष्ट्र में राज्यपाल की गरिमा खध्म हो गई है। बता दें कि बीते दिन शिंदे गुट के विधायक ने भी बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व से राज्यपाल कोश्यारी को राज्य से बाहर किए जाने की मांग की गई थी। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के एक विधायक ने कहा कि राज्यपाल को छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को समझना चाहिए।

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 कर्टेन रेजर समारोह में सीएम योगी बोले- यूपी में करिश्मा करने की क्षमता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को बड़ी अर्थव्यवस्था को तैयार करने के लिए क्षमतावान प्रदेश बताया है। नई दिल्ली में मंगलवार को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के कर्टन रेजर समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ ने साफ कहा कि उत्तर प्रदेश में अब बड़ा करिश्मा करने की क्षमता है। नई दिल्ली के चाणक्यपुरी के सुषमा स्वराज भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था तैयार करने की क्षमता है। भारत की अर्थव्यवस्था को फाइव ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य को ग्रोथ इंजिन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाहन करना है। इसके लिए राज्य सरकार ने आज वन ट्रिलियन डलर अर्थव्यवस्था के आगामी पांच

वर्ष के कार्यक्रम को आप सबके सामने प्रस्तुत किया है। दिल्ली में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के लिए कर्टेन रेजर समारोह में शामिल होकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को बनाने के उद्देश्य से हमारी सरकार दस से 12 फरवरी तक लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। जिसमें विदेश से कई बड़ी कंपनियां आएंगी। कई देशों के राजदूतों ने तो अपनी उपस्थिति तय कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के समर्थन के लिए हमने 40 से अधिक देशों से संपर्क किया हैं। इसमें से समिट के भव्य आयोजन में हमारे साथ हिस्सा लेने के लिए 21 देशों से सहभागिता के लिए अनुरोध किया है जिसमें नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम और मॉरीशस ने हमारे साथ सहभागिता व्यक्त की है।ग्लोबल ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को बेहद सफल बनाने के लिए हमने इसकी बड़े स्तर पर ब्रांडिंग भी प्रारंभ कर दी है। अगले महीने से हमारे साथ प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी विदेश दौरे पर जाकर वहां से निवेशकों को उत्तर प्रदेश में आमंत्रित करेंगे।

हृदय परिवर्तन, ममता की कोलकाता बनेगी मोदी वाली काशी! सीएम ने अधिकारियों को दिए ये खास निर्देश

कोलकाता। काशी कहो, बनारस या फिर वाराणसी, गंगा की पवित्रता बसती है जहां दिलों को छू देने वाली प्रकृति का मनमोह लेने वाला नजारा है वहां। भगवान शिव के त्रिशूल पर टिके सबसे प्राचीन नगर वाराणसी में जहां काशी विश्वनाथ मंदिर से आती मंगला आरती की ध्वनियां और इनमें घुलता

हुआ घंटियों का मधुर संगीत। इन्हीं ध्वनियों को सुनकर आदिकाल से वाराणसी जागता रहा है। लेकिन वाराणसी की गंगा आरती की तरह पश्चिम बंगाल में भी शाम के वक्त ऐसी आरती देखने को मिल सकती है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अधिकारियों को वाराणसी की गंगा आरती की भांति यहां भी आरती के लिए हुगली नदी पर घाटों के निर्माण पर विचार करने का निर्देश दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अधिकारियों को वाराणसी की गंगा आरती की भांति यहां भी आरती के लिए हुगली नदी पर घाटों के निर्माण पर विचार करने का निर्देश दिया। हालांकि, उन्होंने इसके लिए हड़बड़ी नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने उनसे हुगली नदी के तट पर ऐसी जगह ढूंढ़ने को कहा, जहां गंगा आरती की शुरुआत की जा सके। बनर्जी ने राज्य सचिवालय में एक बैठक में कहा, " हड़बड़ी करने की कोई जरूरत नहीं है, भले ही इसमें दो साल लग जाएं। लेकिन व्यवस्था सुरक्षित बनायी जानी चाहिए। " संयोग से कोलकाता में हुगली नदी के दोनों तटों का , पश्चिम बंगाल में 2011 में ममता बनर्जी की सरकार सत्ता में आने के बाद, पुनरोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किया गया। हजारों तीर्थयात्री एवं आम लोग वाराणसी में दसाश्वमेध घाट पर गंगा आरती देखने जाते हैं। वाराणशी के दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती हमेशा से आकर्षण का एक प्रमुख केंद्र रही है। देश के हर कोने से बनारस आने वाले पर्यटक शाम के वक्त होने वाली गंगा आरती में शामिल होने के लिए घाट पर जरूर पहुंचते हैं।

टिकट बंटवारे पर बुरे फंसे आप विधायक, कार्यकर्ताओं ने दौड़ा–दौड़ा कर पीटा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी चौतरफा आरोपों से घिरी है।

सत्येंद्र जैन के जेल में मसाज वाले वीडियो से विवादों में रहने वाली पार्टी के एक विधायक अपने समर्थकों के निशाने पर आ गए। टिकट बंटवारे में धांधली के आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुलाब सिंह यादव से हाथापाई की है। देखते ही देखते इस घटना का वीडियो वायरल हो गया। ये घटना दिल्ली के मटियाला इलाके का बताया जा रहा है। वीडियो में मटियाला से आम आदमी पार्टी के विधायक गुलाब सिंह यादव भीड़ से घिरे नजर आ रहे हैं। कुछ लोग उनसे गाली–गलौज कर रहे हैं तो कुछ हाथापाई। बड़ी मुश्किल से गुलाब सिंह हमलावर लोगों की भीड़ से निकल पाए। बताया जाता है कि गुलाब सिंह से हाथापाई करने वाले उन्हीं के पार्टी के लोग थे। गुलाब सिंह यादव ने इस घटना का पूरा ठीकड़ा बीजेपी पर फोड़ा है।

अपार्टमेंट की 16वीं मंजिल से कूदकर महिला ने दी जान, परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के बिसरख थाना क्षेत्र के सुपरटेक ईको विलेज–3 में रहने वाली 35 वर्षीय एक महिला की सोमवार देर रात उसके अपार्टमेंट की 16वीं मंजिल से गिरकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि मृतका के पति ने दावा किया है कि उसकी पत्नी ने अपार्टमेंट की 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या की है। वहीं, महिला

के परिजनों ने मामले में दहेज हत्या का आरोप लगाया है। कुमार ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। कुमार के मुताबिक, मृतका पीएचडी कर रही थी, जबकि उसका पति एक टेलीविजन चौनल में पत्रकार के रूप में काम करता है। दोनों का तीन साल पहले प्रेम विवाह हुआ था। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह बिसरख थाना पुलिस को सूचना मिली कि इको विलेज–3 में स्थित एक अपार्टमेंट की 16वीं मंजिल से गिरकर सविता यादव नाम की एक महिला की मौत हो गई है। कुमार के अनुसार, घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि मृतका मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले की रहने वाली है। उसने तीन साल पहले सुभाष यादव से प्रेम विवाह किया था।

पीएम मोदी की तरफ से 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाने पर बोले तेजस्वी, देश की आबादी के हिसाब से कितनी नौकरी दे रहे हैं?

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रोजगार मेलाश कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर 71 हजार से ज्यादा नव नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। अब इसको लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अच्छी बात है कि दिन रात भेदभाव,हिंसा,अमन–चौन छिनने वाले लोग इस मुद्दे पर आ गए,लेकिन उन्हें यह भी बताना चाहिए कि हम जब बिहार में 12 करोड़ की आबादी पर 10 लाख

रोजगार की व्यवस्था कर रहे हैं तो केंद्र सरकार देश की आबादी के हिसाब से कितनी नौकरी दे रही है? बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रोजगार मेलाश कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर 71 हजार से ज्यादा नव नियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। पीएम मोदी ने कहा कि रोजगार मेले में जुड़े सभी युवा साथियों को बहुत बहुत बधाई, आज एक साथ देश के हजारों घरों में खुशहाली की शुरुआत हुई। आज 45 शहरों में 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। इससे हजारों लोगों के घरों में खुशियां आएंगी। पिछले महीने धनतेरस के मौके पर 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए थे।

बीजेपी नेता ने किया फीफा विश्व कप के बहिष्कार का आह्वान, जाकिर नाइक को कतर बुलाने पर केंद्रीय मंत्री ने कही ये बात

नई दिल्ली। फीफा विश्व कप में विवादास्पद इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक को कतर द्वारा आमंत्रण दिए जाने के बाद विरोध के स्वर लगातार उठ रहे हैं। गिरफ्तारी के डर से भारत से फरार होने के बाद इंडोनेशिया से संगठन चला रहा नाइक अब कतर में पहुंच गया। फीफा विश्व कप में जाकिर नाइक को देखे जाने के बाद भारत में इसको लेकर काफी विरोध हो रहा है। पहले तो बीजेपी प्रवक्ताकी तरफ से खेल आयोजन के बहिष्कार की अपील की गई। वहीं अब केंद्र सरकार की तरफ से भी जाकिर के कतर के खेल आयोजन में शामिल होने को लेकर प्रतिक्रिया सामने आई है। जाकिर नाइक को फीफा विश्व कप टूर्नामेंट में

व्याख्यान देने के लिए कतर द्वारा आमंत्रित किए जाने पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा किमुझे यकीन है कि भारत ने इस मामले को संज्ञान में लिया है और इसे आगे ले जाया जाएगा। लेकिन बात यह है कि वह एक मलेशियाई नागरिक है, आप उसे कहीं आमंत्रित कर सकते हैं। क्या वे जानते थे कि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। इससे पहले फीफा विश्व कप में विवादास्पद इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक को कतर द्वारा आमंत्रण दिए जाने के बाद भाजपा प्रवक्ता सावियो रोड्रिग्स ने सरकार, भारतीय फुटबॉल संघों और मेजबान देश की यात्रा करने वाले भारतीयों से इस खेल आयोजन का बहिष्कार करने की अपील की। रोड्रिग्स ने एक बयान में कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया आतंकवाद से जूझ रही है, नाइक को मंच देना श्आतंकवाद से सहानुभूति रखने वालेश को श्नफरत फैलानेश के समान है। उन्होंने कहा कि फीफा विश्व कप एक वैश्विक कार्यक्रम है। दुनिया भर से लोग इस शानदार खेल को देखने आते हैं और लाखों लोग इसे टीवी और इंटरनेट पर देखते हैं। जाकिर नाइक को एक मंच देना, ऐसे समय में जब दुनिया वैश्विक आतंकवाद से लड़ रही है, एक आतंकवादी को उसकी कट्टरता और नफरत फैलाने के लिए एक मंच देना है।

मॉरीशस के राष्ट्रपति ने रामलला व हनुमागढ़ी का किया दर्शन

अयोध्या पहुंचने पर मॉरीशस के राष्ट्रपति व उनकी पत्नी का किया गया भव्य स्वागत

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या पहुंचने पर मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह रूपन व उनकी पत्नी सयुक्ता रूपन का भव्य स्वागत हुआ, उनके साथ मॉरीशस से 7 सदस्यों का डेलीगेशन था। राष्ट्रपति के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष एवं खाद्य सुरक्षा दयाशंकर मिश्र दयालु भी थे। अयोध्या पहुंचने पर मॉरीशस के राष्ट्रपति का स्वागत सांसद लल्लू सिंह, विधायक अयोध्या वेदप्रकाश गुप्ता, विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, आयुक्त नवदीप रिणवा, डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल सहित भाजपा के महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा किया गया।

राष्ट्रपति द्वारा सपत्नी व डेलीगेशन के साथ भगवान रामलला मंदिर में दर्शन पूजन व आरती के साथ भगवान श्री राम के निर्माणाधीन भव्य मंदिर के निर्माण कार्यो का अवलोकन करने के साथ वहां कार्यरत इंजीनियरों से जानकारी भी प्राप्त की। तत्पश्चात राष्ट्रपति द्वारा हनुमानगढ़ी, कनक भवन में दर्शन पूजन के साथ राम की पैड़ी स्थल का अवलोकन व भ्रमण के साथ नौकाविहार भी किया गया। अगले चरण में राष्ट्रपति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में भगवान राम से जुड़ी विथिका का अवलोकन भी किया गया तथा वहां लगाये गये स्टाल का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात सरयू होटल (यात्री निवास) में सांसद, विधायक व जिला प्रशासन तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा राष्ट्रपति के साथ शिष्टाचार भेंट किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति को भगवान श्री रामलला के मंदिर का मॉडल व लता मंगेशकर चौक में लगायी गयी वीणा के स्वरूप को भी भेंट किया गया। सरयू होटल में कुछ देर आराम करने के पश्चात राष्ट्रपति व उनके साथ आये हुये डेलीगेशन लखनऊ के लिए प्रस्थान किया गया। प्रस्थान करने के पूर्व जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगणों ने पूरे सम्मान के साथ विदाई दी गयी।

डेटिंग एप की आशक्ति बढ़ा रही मनोसेक्स विकृतिः डॉ. आलोक

जिला चिकित्सालय में आयोजित हुई कंपल्सिव डेटिंग विषयक कार्यशाला

अयोध्या। हाल ही में लिव इन रिलेशन में रह रहे प्रेमी द्वारा प्रेमिका की गयी जघन्य हत्या ने जहाँ पूरे देश को झकझोर दिया वही सोशल मीडिया व डेटिंग एप पर तेजी से बनते बिगड़ते प्रेम सम्बंधों के दौर में युवाओं में बढ़ती मनोअगवापन व मनोसेक्स विकृतियों की तरफ भी ध्यानाकर्षण किया है । एक ओर डिजिटल मीडिया की लत ने हर आयु वर्ग को चपेट में ले लिया है वही दूसरी तरफ किशोर व युवा वर्ग डेटिंग एप की लत में फंसकर कंपल्सिव डेटर हो गया है। यह बातें जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यशाला में किशोर व युवा मनोपरामर्शदाता डॉ आलोक मनदर्शन ने बतायी।

उन्होंने बताया कि डेटिंग या डेट करना आज के युवाओं की छद्म प्रेमी प्रेमिका बनने और बनाने की ऐसी मादक लत के रूप में उभर चुका है जिसका दुष्परिणाम मनोसेक्स विकृति, लिव इन हिंसा, अवसाद, उन्माद, ब्रोकेन हार्ट सिंड्रोम, नशाखोरी आदि के रूप में हो रहा है जिसके दुष्परिणाम आत्मघाती या परघाती हो रहे है। कंपल्सिव डेटिंग की लत से ग्रसित युवाओं में एक प्रेम सम्बन्ध में रहते हुए बहुत जल्द ही ऊबन व घुटन महसूस होने लगती है और फिर शुरू होता है आपसी कलह व हिंसा का दौर व डेटिंग एप पर तलाश नये लव पार्टनर की। डा. आलोक ने बताया कि डेटिंग एप आज के युवाओं व किशोरो का नया नशा बन गया है। इस लत के लिए डोपामिन नामक मनोरसायन जिम्मेदार है क्योंकि डेटिंग एप का जितना अधिक एक्सपोक्सर होता है उतना डोपामिन रसायन दिमाग मे बढ़ जाता है और उत्तेजना व आनन्द की प्राप्ति होती है तथा कुछ समय पश्चात बहुत करीब आ चुके लव पार्टनर निकलने में मनोपरामर्श बहुत से ऊबन व नये पार्टनर की ही कारगर है। तलाश डेटिंग एप्लीकेशन पर शुरू हो जाती है। इसे कंपल्सिव डेटिंग कहा जाता है। इससे बचने व निकलने के लिये लत मनोव्यहार की पहचान, संयमित व मनोशान्त जीवन शैली को प्राथमिकता देनी चाहिए जिससे लव हार्मोन ऑक्सिटोसिन व मनोसंयम हार्मोन सेरोटोनिन बढ़ सके।पर्याप्त नींद,रचनात्मक क्रिया कलाप, स्वस्थ मनोरंजन व खेलकूद, खुशमिजाजी, मानवीय संवेदना के कार्य इन हारमोन्स को बढ़ाते हैं। लत से

लाभार्थी मुख्यमंत्री आवास मानक के अनुरूप समय से बनाये: अनिता यादव

सीडीओ ने लाभार्थी के मुख्यमंत्री आवास का किया भूमि पूजन

बीकापुर–अयोध्या। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी प्राप्त आवास को मानक के अनुरूप समय सीमा के अंदर बनाएं। उक्त निर्देश विकासखंड मसौधा की ग्राम पंचायत मधुपुर में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी रामशंकर के आवास का भूमि पूजन कर आवास का शुभारंभ करने पहुंची मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव ने देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2022 – 23 में जनपद में 557 आवास के पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास दिया गया है, सभी आवासों का शुभारंभ एक साथ करने हेतु 21 नवंबर की तारीख सुनिश्चित की गई है।

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अपरान्ह लगभग एक बजे मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती यादव एवं परियोजना निदेशक आर पी सिंह ने भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया। भूमि पूजन के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने लाभार्थी के घर सामने सहजन का वृक्ष भी लगाया। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी श्री शंकर के आवास का भूमि पूजन में परियोजना निदेशक आर पी सिंह के साथ आवास प्रारंभ कराने पहुंची मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती यादव ने बताया कि इसके लिए जिले के सभी मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों के खाते में 15 नवंबर को ही प्रथम किस्त की धनराशि का डिजिटल अंतरण कर दिया गया है। जिससे सभी लाभार्थी आवास निर्माण सामग्री लाकर निर्धारित समय से आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ कर सकें।

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती यादव ने बताया कि सभी लाभार्थियों को एक साथ लेआउट कराने एवं निर्धारित डिजाइन के अनुसार नीव खुदवा कर कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव एवं तकनीकी सहायक को लगाया गया है। इसके अलावा न्याय पंचायत स्तर पर सभी विभाग के सहायक विकास अधिकारियों को पर्यवेक्षण अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। योजना में पारदर्शिता लाने हेतु सांसद, विधायक, प्रमुख क्षेत्र पंचायत, एवं जिला पंचायत तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर कार्य प्रारंभ कराए जाने हेतु विकास खंडों को निर्देश दिए जा चुके हैं। भूमि पूजन के इस कार्यक्रम का संचालन बी एम एम निधि श्रीवास्तव ने किया। मुख्यमंत्री आवास योजना के इस भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता, संयुक्त खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा,सहायक विकास अधिकारी आईएसबी संतोष पांडे, नरेंद्र कुमार पांडे, प्रधान जयलाल, पूर्व प्रधान उदय पांडे, एपीओ अतुल कुमार पांडे ,सहायक विकास अधिकारी पंचायत जीशान हैदर, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अनिकेत पांडे, बीटीए अनिल कुमार यादव सचिव जितेंद्र कुमार वर्मा, कार्तिकेय पांडे, राजेंद्र कुमार पांडे, निखिल श्रीवास्तव, बीएमएम शैलेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

घर जा रहे युवक से रूपया व मोबाइल छीना

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके में घर जा रहे एक से युवक से रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया। मामले की शिकायत पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस से किया है। दिये गए शिकायती पत्र में कोतवाली इलाके के बेनवा गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार पांडे पुत्र रामअवध का कहना है कि बीती रात्रि आठ बजे के करीब वह बाइक से अम्बेडकरनगर जनपद के भीटी से वापस लौट रहा था।वह जब मड़हा पुल दूधनाथ बाबा के पास पहुंचा तो चार अज्ञात लोग खड़े थे।उन लोगो ने उसके पास पहुंचते ही उसपर डंडे से वार किया,जिससे वह बाइक सहित गिर पड़ा।इसी बीच उन लोगो ने उसे पकड़ लिया और जेब मे रखे बारह हजार नगद व मोबाइल फोन लूट लिया।एसएचओ अक्षयकुमार के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर चार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्जकर विवेचना एसआई उपेंद्रप्रताप सिंह को सौपी गयी है।

रोजगार मेलें में 25 युवाओं को मिला रोजगार

अयोध्या। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या, राजकीय आई0टी0आई0, एवं कौशल विकास मिशन, श्रम विभाग,जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आई0टी0आई0 परिसर बेनीगंज, अयोध्या में आयोजित रोजगार मेलें में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों के एच0आर0 द्वारा 25 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उक्त जानकारी सहायक निदेशक, सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर युवक की मौत

अयोध्या। कोतवाली बीकापुर अंतर्गत तोरो माफी मजरा के निकट बीती रात अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर हुई मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार कृपाराम वर्मा पुत्र स्वर्गीय करिया प्रसाद वर्मा आयु लगभग 45 वर्ष निवासी ग्राम महा वा कोतवाली बीकापुर जनपद अयोध्या बीती रात लगभग 10:00 बजे बीकापुर से अपने घर जा रहा था की अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारकर घायल कर दिया घायल कृपाराम वर्मा को भाई भागीरथ वर्मा द्वारा रात्रि लगभग 2:00 जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा ने परीक्षण कर मृतक घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवाया फार्मेसिस्ट विजय वर्मा द्वारा पोस्टमार्टम हेतु पुलिस मेमो बनाकर कोतवाली नगर भिजवा दिया गया है पुलिस ने पंचनामा भर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

युवक फांसी लगाकर की आत्महत्या

अयोध्या। कोतवाली नगर अंतर्गत पुलिस चौकी फतेहगंज क्षेत्र में आने वाले छात्रावास के पीछे पेड़ से लटका 19 वर्षीय युवक का शव मिला प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्यम कुमार दुबे पुत्र सुशील कुमार दुबे आयु लगभग 19 वर्ष निवासी मकबरा कोतवाली नगर जनपद अयोध्या ने प्रेम प्रसंग के चलते आज दोपहर छात्रावास स्टेडियम के निकट पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर लिया घटना की सूचना पर फतेहगंज पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेश गुप्ता द्वारा पेड़ से उतरवाकर भाई सुंदरम दुबे के द्वारा आज दोपहर लगभग 2:05 पर जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉ आशीष पाठक ने परीक्षण कर युवक को मृतक घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया फार्मेसिस्ट उपेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा तत्काल पोस्टमार्टम हेतु पुलिस मेमो बनाकर कोतवाली नगर भिजवा दिया गया वहीं नवीन मंडी चौकी के उपनिरीक्षक द्वारा पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम हेतु आधुनिक चीरघर भिजवा दिया गया है चौकी इंचार्ज सुरेश गुप्ता ने बताया कि अभी परिजनों द्वारा कोई भी प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है।

चौकी से कुछ मीटर की दूरी पर मेडिकल स्टोर पर ताला तोड़कर गोलक उठाकर ले गए चोर

कानपुर। बिधनू थाना क्षेत्र के मझावन स्थित एक मेडिकल स्टोर को चोरों ने अपना निशाना बनाया है, यहां पर चोरों ने ताला तोड़कर दुकान के अंदर रखी गोलक को अपने साथ उठाकर ले गए हैं। सुबह चौकी पहुंचे दुकानदार ने पुलिस को घटना की जानकारी दी है। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। मूलरूप से इटावा के रहने वाले रामकृष्ण यादव हाल मझावन में रह रहे है। रामकृष्ण की मझावन कस्बे में मेडिकल स्टोर की दुकान है। बीती रात वह प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान को बंद करके घर पर चले गए थे। सुबह जब वह वापस लौटे तो उन्हें दुकान का ताला टूटा हुआ पड़ा मिला। जिसकी सूचना उन्होंने मझावन चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुटी है। पीड़ित दुकानदार ने मझावन चौकी पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके मेडिकल स्टोर के अंदर गोलक में लगभग 22500 रुपए रखे हुए थे। जिसे चोर दुकान का ताला तोड़कर अपने साथ उठा ले गए हैं। हालांकि पुलिस घटना की जांच कर रही है। मामले में बिधनू थानाध्यक्ष योगेश कुमार से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया पर संपर्क नहीं हो सका।

जमीन विवाद में पेड़ पर फांसी लगाने चढ़े युवक को पुलिस ने उतारा

-तहसील प्रशासन ने पैमाइश कराकर मामले का कराया निस्तारण

सोहावल–अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के करेरू मजरे गुलाल तारा गांव में उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया जब एक युवक पेड़ पर चढ़कर फाँसी लगाने की धमकी देने लगा।वहाँ पहुचे ग्रामीणों ने उस युवक से पेड़ से उतरने की काफी मिन्नत किया फिर भी वह टस से मस नहीं हुआ स लगातार मरने की धमकी देता रहा।इसी दौरान इसकी सूचना रौनाही पुलिस सहित तहसील कर्मियों को दी गयी ।मौके पर दल बल के साथ पहुँचे रौनाही थाना प्रभारी ने किसी तरह उसको नीचे उतारा और समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। मामला रौनाही थाना क्षेत्र के करेरू ग्राम पंचायत के बड़ा मिझौडा गुलाल तारा का है।मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी राम धीरज उम्र लगभग 40 वर्ष अपने भाइयों से जमीन विबाद में न्याय न मिलने से परेशान था स आज अचानक पेड़ पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या की धमकी देने लगा तो वहां पहुँचे ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना पुलिस सहित तहसीलदार को दी।सूचना पर पहुँचे तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता थाना प्रभारी रौनाही संतोष कुमार सिंह ने युवक को समझा बुझाकर नीचे उतारा स तहसील प्रशासन ने विवादित जमीन की पैमाइश कराकर उसको कब्जा दिलाया।यह भी पता लगा है कि युवक इसके पहले भी ऐसी हरकत कर चुका है।इस बारे में पूछे जाने रौनाही थाना प्रभारी ने बताया कि युवक को नीचे उतार लिया गया है स तहसील प्रशासन ने मामले का निस्तारण करा दिया है।

नरेंद्र नगर विद्यालय का नहीं हो सका कायाकल्प

मिल्कीपुर–अयोध्या। उत्तर प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों की सूरत सवारने के लिए भले ही ऑपरेशन कायाकल्प चलाया हो लेकिन अभी भी विद्यालय कायाकल्प से वंचित रह गए हैं। परिषदीय विद्यालय की सूरत संवारने को चला ऑपरेशन कायाकल्प नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र में ही धरातल पर नहीं उतर सका है। 19 बिंदुओं पर विद्यालयों को सुविधाओं से संतृप्त करने में ग्रामीण अंचल आगे रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में विद्यालयों को संवारने की जिम्मेदारी नगर निकाय व नगर पंचायतों को मिली थी जबकि ग्रामीण अंचल में पंचायती राज विभाग को या जिम्मेदारी दी गई थी। ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 70 प्रतिशत विद्यालयों का कायाकल्प कार्य हो चुके हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों का कायाकल्प अभी अधूरा है। निकाय प्रशासन योजना के प्रति लापरवाही बरत रहा है।कुमारगंज नगर पंचायत अंतर्गत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक एक दर्जन विद्यालय हैं लेकिन अधिकांश विद्यालयों में सुविधाओं का टोटा है। नरेंद्र नगर उच्च प्राथमिक विद्यालय में भले ही काफी समय पूर्व का बना हो लेकिन आज तक बाउंड्री वाल नहीं बन सकी है। नगर पंचायत में होने के बाद लोगों को उम्मीद हुई थी कि अब बाउंड्रीवाल बन जाएगी लेकिन ऐसा कुछ दिखाई नहीं पड़ा। विद्यालय परिसिर अराजक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी कुमारगंज संजय शुक्ला का कहना है परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प के लिए नगर पंचायत में कोई अलग से बजट नहीं आया है, फिलहाल जिला अधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत के 4 विद्यालयों के एक–एक कमरे को कायाकल्प किया गया है नरेंद्र नगर कमपोजिट विद्यालय की बाउंड्री जल्द ही बनवाई जाएगी।

डेंगू की रोकथाम के लिए हिन्दू जागरण मंच चला रहा अभियान

उन्नाव। विमल द्विवेदी द्वारा चलाया जा रहा डेंगू की रोकथाम अभियान छठवे दिन भी जारी रहा। हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री व प्रभारी विमल द्विवेदी द्वारा संचारी रोग ध्डेंगू के रोक थाम अभियान में आज छठवे दिन लोकनगर, हनुमान नगर बस्तियों में फांगिंग व छिड़काव करवाया गया। विमल द्विवेदी ने कहा कि डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। जिसके रोकथाम के लिए योगी सरकार भी निरंतर प्रयासरत है व हम सब सदैव नर सेवा नारायण सेवा को मूल मन्त्र मानकर सेवा करते आ रहे है, हमारा संकल्प है की स्वच्छ उन्नाव–स्वस्थ उन्नाव बने। उन्होंने कहा कि वो कोरोना काल में जरुरत मन्दो को भोजन हो या गर्मी में पसुवो के पीने के पानी के लिए नांद कि व्यवस्था हो डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर फांगिंग धछिड़काव हो वो सदैव सेवा में तत्पर रहते है। द्विवेदी ने कहा कि डेगूं रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी वार्डो में इस निजी संसाधनों से फाँगिग धछिड़काव कराया जायेगा व लोगो को डेंगू से बचाव हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसमे घर घर जाकर लोगो को बचाव के तरीके समझाया जा रहा है हमारा प्रयास है स्वच्छ उन्नाव स्वस्थ उन्नाव इस मौके पर अध्यक्ष अजय त्रिवेदी, विकास सिंह सेंगर, मनीष अवस्थी, मनीष मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ल, हिमांशु शैनी, परिमल मिश्रा, प्रशांत सोनकर, अभिषेक तिवारी, शुभम कनौजिया, ललित यादव, मुन्ना अवस्थी सहित आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।

मन्दिर में हुआ 10वां भव्य जागरण का आयोजन

मंत्री और विधायक भी माथा टेकने पहुचे माई के दरबार

उन्नाव। नगर के कल्याणी मोहल्ला स्थित कल्याणी माता मन्दिर में शनिवार रात्रि को मां भगवती के विशाल दसवे जागरण आयोजन हुआ। माता के जगराते में पवन शुक्ला जागरण पार्टी के कलाकारों ने भजनों के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया। भोर तक चले जगराते में श्रद्धालु भक्तिगीतों पर थिरकते रहे। सुबह भव्य भंडारे का बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।शनिवार रात कल्याणी मैता मंदिर में देवी जागरण का शुभारंभ व महाआरती डीएम अपूर्वा दुबे ने की। उन्होंने कल्याणी माँ के दर्शन कर आशीर्वाद भी लिया। परिसर कर भृमण किया और सुन्दरीकरण कराने का आश्वासन दिया। इस बीच मां अंबे की आरती श्ज्योति जले महारानी भवानी तेरी जोत जलेश। तदुपरान्त गणेश वंदना व भजन के माध्यम से श्रद्घालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोताओं की पुरजोर अपील पर राम सिया राम, जब कोई नहीं आता आदि भजनो में गायक कुमार संदीप दीक्षित ने लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

महिला कलाकार अंजली मौर्य ने भक्ति भजनों के माध्यम से भक्तों को भाव विभोर कर दिया। दिल्ही से आये भजन लेखक पप्पू बेधड़क, ऋतुराज, श्रद्धा के भजनों पर भी भोर की पहली किरण तक भक्त झूमते दिखे। वही, माता की भेंटों पर भी रातभर लोग थिरकते रहे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश शासन की मंत्री प्रतीभा शुक्ला,भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला, भाजपा नेता शशांक सिंह सनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे। उधर, परिसर का फूलों से श्रृंगार कर दुर्गा की आकर्षक मनोहारी झांकी सजाई गई। जिसमें माता रानी की अखंड ज्योति रातभर जलती रही। जागरण में राधा–कृष्ण की झांकी, मां शेरावाली, भोले बाबा की झांकियां रहीं। जिसमें काली का तांडव लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

महिला कल्याण बाल विकास मंत्री ने किए महामाई के दर्शनः देर रात शहर के कल्याणी मंदिर महिला कल्याण बाल विकास मंत्री प्रतिभा शुक्ला भी पहुचीं। उन्होंने पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहली बार इस दरबार आई हूं। इधर, भगवती जागरण का बेहतर नेतृत्व करने पर आयोजको की भी भूरि भूरि प्रशंसा की।

जिलाधिकारी ने दिया सड़को को गड्ढा मुक्त किये जाने का निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सड़को को गड्ढा मुक्त किये जाने के संबध ा में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधि ाकारी संजीव रंजन ने उपस्थित अधिशासी अभियन्ताओ को निर्देश देते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार की सड़को को 30 नवम्बर 2022 तक का समय निर्धारित किया गया है, इसे 30 नवम्बर 2022 पूर्ण करा लिया जाये। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को रेन्डमली 2–2 सड़को की जांच कराने का निर्देश दिया। प्रध ानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा निर्मित ग्रामीण क्षेत्रो की सड़को का संबधित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधि ाकारी एवं विभाग के अवर अभियन्ता को जांच करने का निर्देश दिया।

अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 बांसी ने बताया कि बांसी–डुमरियागंज, बांसी इटवा एवं बांसी नन्दौर मार्ग की सड़क को गडढ़ा मुक्त किया गया है। बाढ़ के दौरान कटे सड़क तुलसियापुर को भरवा दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिकाध्नगर पंचायत को कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने एन.एच. –730 उसका–नौगढ़ तक ठीक कराने का निर्देश दिया। जिलाधि ाकारी ने एन.एच. के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिया कि एन.एच. पर ककरही पुल के पास तथा भीमापार के आगे जो सड़के धंस गयी है उन्हें ठीक कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उपस्थित अधिशासी अभियन्ताओ को निर्देश दिया कि जनपद की सड़के दिनांक 30.11.2022 तक शासन के मंशानुरूप गड्ढा मुक्त करा दिया जाये।

इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0(प्र0ख0) बृजकिशोर गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 बांसी, इटवा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सन्तोष कुमार सिंह, अधिकारी नगर पालिका परिषद बांसी, नगर पंचायत कपिलवस्तु तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। गाँव चौखड़िया, विकास खण्ड इटवा में इन–सीटू फसल अवशेष प्रबंध ान योजना के अंतर्गत आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र सोहना सिद्धार्थनगर के कृ षि वैज्ञानिकों द्वारा प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य कार्यक्रम में केन्द्र के फसल सुरक्षा कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने से पर्यावरण में कार्बनऑक्साइड, कार्बनमोनो ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, सूक्ष्म कण जैसे हानिकारक पदार्थ घुल कर पशुओ एवं मनुष्यों में स्वाथ्य सम्बन्धी समस्याएं उत्पन्न करती हैं इसलिए किसान भाई फसल अवशेष न जलायें।

डॉ. सर्वजीत नें किसानों को बताया कि फसल अवशेषों को खेत में ही डिकम्पोजर की सहायता से सड़ाक 25 लीटर पानी में 1 से 2 किलोग्राम गुड़ को मिलाकर हल्की आंच पर उबालें, उबालनें के बाद ठण्डा करें इसके बाद डिकंपोजर की एक कैप्सूल को घोलें और फिर घोल को 3 से 4 दिन के लिये रख दें इसके बाद 10 लीटर प्रति एकड़ प्रयोग करें जिससे 20 से 25 दिन में फसल अवशेष सड़कर खाद बन जायेगा। डॉ. एस के मिश्रा नें किसानों को प्रक्षेत्र दिवस के अवसर पर बताया कि किसान धान के पुआल को खेत में सड़कर गेंहूँ की उन्नतशील प्रजातियों की समय से लाईन से बुवाई करें, लाईन से बुबाई करने से पौधों को वृद्धि एवं विकास करने के लिये आवश्यकता अनुसार स्थान, सूर्य का प्रकाश और पोषश तत्व भी उपलब्ध होते हैं जिससे फसल की अच्छी पैदावार मिलती है मृदा विशेषज्ञ प्रवेश कुमार ने बताया की एक टन धान का अवशेष जलाने से लगभग 5.5 किलोग्राम नत्रजन, 2.3 किलोग्राम फास्फोरस, 2.5 किलोग्राम पोटाश और 1.2 किलोग्राम सल्फर और 400 किलोग्राम कार्बन होता हैं जो फसल अवशेष जलाने से नष्ट हो जाते हैं यदि किसान धान के अवशेष को प्रभावी तरीके से अपने खेत में ही कृषि यंत्रो से या डीकम्पोजर की सहयता से खेतों में ही मिलाकर सड़ाते हैं तो अगली फसल की शुरुआती अवस्था में लगभग 40 प्रतिशत नत्रजन, 30 से 35 प्रतिशत फासफोरस, 80 से 85 प्रतिशत पोटाश और 40 से 45 प्रतिशत सल्फर की पूर्ति हो जाती है इसलिए किसान भाई फसल अवशेष न जलाकर खेत में ही सड़ायेद्य प्रगतिशील किसानों ने भविष्य में भी फसल अवशेष को ना जलाने के लिए सभी किसान भाई के साथ ही संकल्प लिया कि हम फसल नहीं जलाएंगे।कार्यक्रम में परमात्मा प्रसाद, राजकुमार चौधरी, राम निवास, अनीस, विनोद, धर्मराज, शिव प्रसाद, आदि किसान उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने डुमरियागंज में निमार्णाधीन सेतु का निरीक्षण किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी महोदय

द्वारा तहसील डुमरियागंज के गौराघाट पर निमार्णाधीन सेतु का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय राकेश कुमार, सहायक अभियन्ता, सेतु निगम एवं अवर अभियंता, ठेकदार सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। यह सेतु बनगाई ग्राम के पास गौराघाट पर निर्मित है जो तहसील–बांसी के पचमोहनी सम्पर्क मार्ग को जोडता है। सेतु का निर्माण कार्य पूर्ण है, पचमोहनी मार्ग की तरफ एप्रोच का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। औराताल की तरफ एप्रोच का कार्य कराया जा रहा है। सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि औराताल–बनगाई पी0एम0जी0एस0वाई0 मार्ग को जोडने के लिए एप्रोच पर मिट्टी पटाई कार्य कराया जा है। सहायक अभियन्ता, सेतु निगम को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय तक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

गौराही बुजुर्ग में मनरेगा योजना से मिट्टी पटाई कार्य का हुआ निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास

अधिकारी ने विकास खण्ड डुमरियागंज के ग्राम पंचायत गौराही बुजुर्ग में मनरेगा योजना से मिट्टी पटाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अमित सिंह खण्ड विकास अधिकारी, बृजेश गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, राहुल, ग्राम पंचायत अधिकारी, धनीराम चौरसिया, ग्राम प्रधान, कुमार, तकनीकी सहायक एवम ग्राम रोजगार सेवक सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्य का नाम लल्लू के घर से भगवानपुर सरहद तक चकरोड़ पर मिट्टी कार्य पर मस्टररोल के अनुसार दिनांक 19.11.22 से 2.12.22 तक 07 श्रमिक को नियोजित किया गया है मौके पर 4 श्रमिक उपस्थित पाए गए ग्राम रोजगार सेवक द्वारा बताया गया कि आज 3 श्रमिक नही आए हैं जिनको मस्टररोल पर अनुपस्थित कर दिया गया स इसी प्रकार जगदेव के खेत से दक्षिण राम उजागिर के बाग तक कृषि कार्य हेतु चक रोड़ निर्माण कार्य जिस पर 11 श्रमिक नियोजित किया गया है, निरीक्षण के समय सभी श्रमिक उपलब्ध पाए गए दोनों कार्यस्थल पर सीआईबी बोर्ड लगाया गया है, परंतु सम्पूर्ण विवरण नहीं लिखा गया है, जिसे अंकित करने के निर्देश दिया गया मौके पर कार्य के प्राक्कलन में पूर्व कार्य कितना दर्शाया गया है, इस सम्बध में तकनीकी सहायक को सही जानकारी नहीं है, निरीक्षण के समय प्राक्कलन नही उपलब्ध कराया गया खण्ड विकास अधि ाकारी को निर्देशित किया गया कि प्राक्कलन के अनुसार सम्पूर्ण लंबाई, चौड़ाई एवम ऊंचाई में कार्य कराना सुनिश्चित करें तकनीकी सहायक कुमार को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

पूर्वांचल विकास बोर्ड ने पी एच सी व कोतवाली का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य अरविंद पटेल ने मंगलवार को पी एच सी व कोतवाली का निरिक्षण किया तथा खामियों को दूर करने का निर्देश दिया। निरिक्षण के दौरान उन्होनें स्टाक रुम, इटीसी, एमरजेंसी वार्ड, निर्माण हो रहे अस्पताल भवन को देखा और निर्माण कार्य मे तेजी लाने को कहा तथा खिड़की के ऊपर ग्रिल लगाने के लिये ठेकेदार को निर्देश दिया। इसके बाद कोतवाली परिसर मे

पहुचकर फरियादियों से पुछताछ किया। निरिक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.आरके सिंह, डा.अश्वनि चौधरी, डा.मनोज कुमार चौधरी, डा.ओंकार नाथ जयसवाल, फार्मासिस्ट रतनशंकर चौधरी, उपभोक्ता एवं बाट–माप व्यापारी बेलफेयर एशोसिएशन उत्तर प्रदेश के संरक्षक राधेश्याम उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष राजीव कटियार, फैजाबाद जोन अध्यक्ष प्रमोद कुमार द्विवेदी, शेष नाथ पाठक, बिनोद कुमार द्विवेदी, दुर्गेश वर्मा, तहसीलदार संजीव दीक्षीत, सीओ देवी गुलाम सिंह, प्रभारी कोतवाल आर के सेंगर आदि मौजूद रहे।

विकास खण्ड मे बने बनगाई तक 5.00 किमी निर्माण का हुआ निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ने प्रध ानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड डुमरियागंज

में ग्राम औरातल से ग्राम बनगाई तक 5.00 किमी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अर्पित सिंह, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्र विभाग, पीआईयू सहित अवर अभियंता, ठेकदार सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे स औराताल चौराहे से ग्राम बनगाई तक 5.00 किमी में पूर्व सड़क का चौड़ीकरण करते हुए जीएसबी डाल कर जी 2, जी 3 का कार्य कराया जा रहा है मार्ग के किमी 1.40 पर खोदकर गिट्टी एवम डस्ट निकाल कर मोटाई चेक किया गया प्राक्कलन के अनुसार जी 2 7.5 सेंटीमीटर होनी थी, जो मानक के अनुसार पाया गया कार्य पूर्ण होने की अन्तिम तिथि मई, 2023 है सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय तक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने किया राजकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया गया। माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा मेडिकल कालेज के सभी वार्डो का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित डाक्टरो को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजो को बाहर की दवा कदापि न लिखे। आने वाले मरीजो का सही ढंग से इलाज करे। मरीजो का सही ढंग से इलाज करे। उनके साथ सही व्यवहार करे। इसके अलावा जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पूरे परिसर की साफ–सफाई व्यवस्थाा ठीक कराने का निर्देश दिया।

सम्पादकीय

दलबदल का आधा अधूरा कानून न बने

इनका ध्यान रखते हुए यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि चुने हुए प्रतिनिधि अगर पार्टी छोड़ते हैं और अपनी विधायकी या सांसदी से इस्तीफा देते हैं तब भी पांच साल तक उनके चुनाव लडने पर रोक रहेगी। चुनाव से छह महीने पहले इस्तीफा देने वालों के लिए जो नियम बनाया जा रहा है वह पूरे पांच साल के लिए रहे...

केंद्र सरकार दलबदल का नया कानून लाने जा रही है। अस्सी के दशक में तब की राजीव गांधी सरकार ने जो दलबदल कानून बनाया था उसमें कई बार संशोधन हो चुका है। पिछले कुछ बरसों में नेताओं के पार्टी छोडने की जैसी प्रवृत्ति देखने को मिली है और जिस तरह के घटनाक्रम देखने को मिले हैं उनसे लग रहा है कि नया कानून समय की जरूरत है। लेकिन इस बार कानून आधा अधूरा नहीं बनना चाहिए। उससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि सिर्फ व्यावहारिक राजनीतिक पहलू को ध्यान में रख कर कानून नहीं बनाना चाहिए, बल्कि राजनीति की शुचिता का भी ध्यान रखते हुए कानून बनना चाहिए। बताया जा रहा है कि नया दलबदल कानून सिर्फ विधायकों, सांसदों यानी चुने हुए प्रतिनिधियों पर ही लागू नहीं होगा, बल्कि पंजीकृत पार्टियों के पदाधिकारियों पर भी नया कानून लागू होगा। इसका मतलब है कि किसी रजिस्टर्ड पार्टी का पदाधिकारी भी दलबदल करता है तो उसे दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि नए कानून के तहत चुनाव से छह महीने पहले दलबदल करने वाले पदाधिकारी को भी किसी दूसरी पार्टी की टिकट से चुनाव लडने से रोका जा सकता है। वह चाहे तो निर्दलीय चुनाव लड़ सकता है। कानून का यह प्रावधान चुने हुए प्रतिनिधियों को भी चुनाव लडने से रोकेगा। यानी अगर चुनाव से छह महीने पहले कोई सांसद या विधायक अपनी पार्टी छोड़ कर दूसरी पार्टी में

जाता है तो वह उस पार्टी से चुनाव नहीं लड़ पाएगा। उसे निर्दलीय लडना होगा। ध्यान रहे सबसे ज्यादा संख्या में दलबदल चुनाव से पहले होता है। एक पार्टी से चुने हुए प्रतिनिधि जब अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो चुनावी हवा को बूझते हुए ऐन चुनाव से समय पार्टी बदल लेते हैं। दूसरी पार्टी भी उन्हें खुशी खुशी टिकट दे देती है। जैसे इस बार गुजरात विधानसभा के लिए चुने गए आधा दर्जन से ज्यादा कांग्रेस के विधायक भाजपा की टिकट से लड़ रहे हैं। अभी सूत्रों के हवाले से जो बातें सामने आ रही हैं उनसे लग रहा है कि सरकार ने कर्नाटक, मध्य प्रदेश या महाराष्ट्र में चुनी हुई सरकारों को गिरा कर नई सरकार बनाने के घटनाक्रम का ध्यान नहीं रखा गया है। इनका ध्यान रखते हुए यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि चुने हुए प्रतिनिधि अगर पार्टी छोड़ते हैं और अपनी विधायकी या सांसदी से इस्तीफा देते हैं तब भी पांच साल तक उनके चुनाव लडने पर रोक रहेगी। चुनाव से छह महीने पहले इस्तीफा देने वालों के लिए जो नियम बनाया जा रहा है वह पूरे पांच साल के लिए रहे। यानी पांच साल में कभी भी कोई चुना हुआ प्रतिनिधि पार्टी छोड़ता है तो दूसरी किसी पार्टी से वह चुनाव नहीं लड़ पाए। इसी तरह गठबंधन बदल को लेकर भी कानून में प्रावधान किया जाना चाहिए। एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लडने वाले गठबंधन की पार्टियां चुनाव के बाद एक निश्चित समय तक गठबंधन तोड़ कर दूसरे गठबंधन के साथ न जा सकें, इसका भी नियम बनना चाहिए।

क्योंकि राज्य सर्वोच्च है!

डेटा प्रोटेक्शन के बिल के नए प्रारूप के तहत सरकारी एजेंसियां जब तक चाहेंगी, नागरिकों का डेटा रख सकेंगी और उनका वे जिस मकसद के लिए चाहें, उपयोग कर सकेंगी। आखिर ऐसा क्यों? डेटा प्रोटेक्शन के बिल के पेश प्रारूप के बारे में पहली बात यह जरूर ध्यान में रखनी चाहिए कि यह अंतिम मसविदा नहीं हैं। बल्कि सरकार ने इसे आम जन की राय जानने के लिए सामने रखा है। लोग अगले 17 दिसंबर तक इस पर अपनी राय सरकार को बता सकते हैं। इसलिए अभी इसमें कही गई बातों को आधार पर बना कर सरकार की आलोचना करना भी शायद तार्किक महसूस ना हो। लेकिन पृष्ठभूमि यह है कि सरकार ने इस बिल का प्रारूप पहले भी पेश किया था। उसकी सिविल सोसायटी में हुई कड़ी आलोचना के बाद वापस लिया गया। अब संशोधित प्रारूप सामने लाया गया है। इसमें किसी नागरिक के डेटा का प्राइवेट सेक्टर दुरुपयोग ना करे, इसके पुख्ता इंतजाम हैं। मसलन, यह कि किसी कंपनी को डेटा कि उपयोगिता पूरी होने के बाद तमाम डेटा को डिलीट कर करना होगा। इसके अलावा जिस मकसद से डेटा लिया गया है, उसके अलावा उसका उपयोग करना भी दुरुपयोग की श्रेणी में आएगा। ऐसा करने वाली कंपनी पर 500 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकेगा। यह अच्छा प्रावधान है। लेकिन जो बात खटकती है वो यह है कि यही प्रावधान सरकार और उसकी एजेंसियों पर लागू नहीं होगा। बल्कि सरकारी एजेंसियां जब तक चाहेंगी, नागरिकों का डेटा रख सकेंगी और उनका वे जिस मकसद के लिए चाहें, उपयोग कर सकेंगी। आखिर ऐसा क्यों? संभवतरू इसलिए कि वर्तमान सरकार यह मान कर चलती है कि जैसे राजतंत्र के दौर में राजा सर्वोच्च होता था, वैसे ही आज के दौर में राज्य सर्वोच्च है। यानी नागरिक उसके मातहत हैं। जबकि लोकतंत्र की पूरी धारणा इस सोच पर आधारित है कि राज्य–तंत्र के मालिक लोग हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों का हित और राय ही सर्वोच्च हैं। दरअसल, अधिकारों की तमाम अवधारणाएं राज्य के विरोध में नागरिक की सर्वोच्चता की धारणा पर जोर देते हुए विकसित हुई हैं। इसलिए नागरिकों की निजता और उनसे संबंधित सूचनाओं पर राज्य का मालिकाना नहीं हो सकता। इसीलिए यह कहा गया है कि बिल का नया प्रारूप लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ है। आशा है, सरकार नागरिक समाज की इस भावना को सुन कर अंतिम प्रारूप तैयार करेगी।

बाली में भारत विजय

अमेरिकी जनरल के अनुसार यूक्रेन का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है तथा रूस के लिए यह संभव नहीं है कि वह पूरे देश पर कब्जा कर सके। यूक्रेन के लिए भी मुमकिन नहीं है कि वह डोनबास और अन्य क्षेत्रों को रूसी सेना से खाली करा सके। आश्चर्य की बात है कि पश्चिमी देशों के नेता और मीडिया अपने ही सैन्य अधिकारी के विश्लेषण को नजरअंदाज कर रहे हैं। यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति जारी है तथा रूस ...

डॉ. दिलीप चौबे

भारत इंडोनेशिया के बाली में अपनी विदेश नीति की बड़ी सफलता के साथ जी–20 की अध्यक्षता ग्रहण करने जा रहा है, इसके तहत भारत 2023 में जी–20 शिखर वार्ता का आयोजन करेगा। देश में इस तरह का महत्त्वपूर्ण और व्यापक कूटनीतिक का आयोजन दशकों बाद होगा। भारत की अध्यक्षता में जी–20 से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन देश के विभिन्न नगरों में पूरे वर्ष चलेगा। इसका समापन संभवतरू सितम्बर महीने में शिखर वार्ता के आयोजन के साथ ही पूरा होगा। बाली शिखर वार्ता में भारत की भूमिका को पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है। शिखर वार्ता के बाद जारी संयुक्त घोषणापत्र में भारत की छाप स्पष्ट दिखाई देती है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कथन को केंद्रीय स्थान दिया गया है कि श्वर्तमान युग युद्ध का नहीं है।य अमेरिका सहित पश्चिमी देश और उनकी मीडिया इस बात का ढिंढोरा पीट रहे हैं कि जी–20 ने यूक्रेन पर आक्रमण करने की निंदा की। भारत के मीडिया में भी इस बात को दोहराया जा रहा है लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। पश्चिमी देश सामान्य समझदारी का परिचय भी नहीं दे रहे हैं कि क्या रूस स्वयं अपनी निंदा करेगा? यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में तटस्थ रहने वाले भारत जैसे देश आखिर रूस की निंदा क्यों करेंगे? वास्तव में संयुक्त घोषणापत्र के वाक्य

और शब्दावली बहुत चतुराई पूर्ण हैं। सामान्य अनुमान है कि इसे तैयार करने में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने कूटनीतिक अनुभव का प्रयोग किया है। घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पारित उस प्रस्ताव का हवाला दिया गया है, जिसमें यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की निंदा की गई थी, साथ ही रूस से आग्रह किया गया था कि वह यूक्रेन का भूभाग खाली करे। लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित नहीं हुआ था। भारत सहित अनेक देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया था। इसलिए यह कहना भ्रामक है कि जी–20 शिखर वार्ता में रूस की निंदा की गई। वास्तव में घोषणापत्र की अगली पंक्तियों में कहा गया है कि श्अधिकतर देशों ने रूस की निंदा की।य हालांकि यूक्रेन के घटनाक्रम के संबंध में कई देशों की अपनी अलग राय थी। विदेश मंत्री जयशंकर को यह श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने एक ऐसे घोषणापत्र को तैयार करने में भूमिका निभाई जिस पर रूस को भी ऐतराज नहीं था। अपनी इस कूटनीतिक सफलता को भारत आने वाले दिनों में भी दोहरा सकता है। भारत पश्चिमी देशों और रूस के बीच पुल का काम कर सकता है। जाड़े के मौसम के कारण यूक्रेन में युद्ध के मैदान पर गतिरोध की स्थिति है। अगले दो–तीन महीनों तक कोई भी पक्ष बड़ा सैन्य अभियान चलाने की स्थिति में नहीं है। इस समय का उपयोग वार्ता प्रक्रिया को शुरू करने के लिए किया जा सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की हठधर्मिता के कारण वार्ता प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। जेलेंस्की हकीकत को नजरअंदाज कर रहे हैं तथा अपने देश के लिए तबाही का कारण बन रहे हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खेरसान नगर से रूसी सेनाओं को पीछे हटाने का फैसला कर अमेरिका और पश्चिमी देशों को यह संकेत दिया है कि रूस का इरादा यूक्रेन पर कब्जा करना नहीं है। रूस केवल रूसी भाषाभाषी लोगों की जान माल की सुरक्षा करने के लिए डोनबास और अन्य क्षेत्रों को सुरक्षा कवच दे रहा है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने जनमत संग्रह के जरिए रूसी संघ में शामिल होने का फैसला किया है। अमेरिका के सेना प्रमुख मार्क मिले ने हाल में यूक्रेन के घटनाक्रम का यथार्थपूर्ण विश्लेषण किया है। अमेरिकी जनरल के अनुसार यूक्रेन का क्षेत्रफल बहुत बड़ा है तथा रूस के लिए यह संभव नहीं है कि वह पूरे देश पर कब्जा कर सके। यूक्रेन के लिए भी मुमकिन नहीं है कि वह डोनबास और अन्य क्षेत्रों को रूसी सेना से खाली करा सके। आश्चर्य की बात है कि पश्चिमी देशों के नेता और मीडिया अपने ही सैन्य अधिकारी के विश्लेषण को नजरअंदाज कर रहे हैं। यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति जारी है तथा रूस पर प्रतिबंध को सख्त बनाया जा रहा है। अमेरिका और पश्चिमी देशों का यह रवैया ही यूक्रेन की त्रासदी का मुख्य कारण है। समस्या यह है कि यूक्रेन युद्ध समाप्त भी हो जाए तो रूस के विरु द्ध प्रतिबंध जारी रहेंगे। भारत जैसे देशों के लिए सिरदर्द बना रहेगा। अमेरिका और पश्चिमी देश भारत और रूस के बीच कायम और निरंतर बढ़ रहे सहयोग को किस सीमा तक स्वीकार करते हैं, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

राज्य स्थापना दिवस पर यह राज्य अपने साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकताओं विभिन्न क्षेत्र के अग्रणी लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें सम्मानित भी करता है। तीज त्यौहार पर मांदर की थाप के साथ यहां के मुख्यमंत्री भी गेड़ी नृत्य में सम्मिलित होते है। वे हथेली पर भंवरा नचाकर जनजीवन में घुल मिल जाते है। निश्चित रूप से इसलिये कहा जाता है–छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया...

छत्तीसगढ़ : क्या खोया, क्या पाया!

डा.ए.आर.दल्ला

वन बाहुल्य क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी यहां के मूल निवासी है। विभिन्न जनजातियों की अपनी भाषा, अपनी संस्कृति और गौरवशाली विरासत है। सदियों से यहां सामूहिक जीवन, सामूहिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक जुड़ाव है। यहां के राजनैतिक परिवेश मे यह बात आज भी साफ झलकती है। सहिष्णुता और धर्मनिरपेक्षता छत्तीसगढ़ की अपनी थाती है।

एक नवम्बर 2000 की मध्यरात्रि रायपुर के पुलिस ग्राउंड पर एक नये राज्य का उदय हो रहा था। सब तरफ उत्साह और आशा का प्रवाह था। छत्तीसगढ़ के हम लोग अपनी किस्मत की इबारत खुद लिखने वाले थे। नवजात राज्य अब अपनी प्राथमिकतायें तालाश रहा था।

छत्तीसगढ़ की 44 प्रतिशत भूमि वनों से आच्छदित है। धरती रत्न गर्भा है। कोयला लौह अयस्क, लाइम स्टोन (चूना), डोलामाइट, बाक्साइट के साथ टीन के भंडार से यहां की धरती भरी पड़ी है। हीरे जवाहरात के दोहन की इबारत अब लिखी जानी है।

44 प्रतिशत वनों के बाद सिर्फ 35 प्रतिशत भूमि ही खेती के लिये उपलब्ध है। यहां की मिट्टी, मटासीध्भाटा, दोमटी और कन्हारी है। सिंचाई के साधन सीमित हैं। धान के इस कटोरे में अब अभिनव प्रयास हो रहे है। उपलब्ध संसाधनों को देखते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने श्श गरवाश्श श्शनरवाश्श श्शधुरवाश्श और बाड़ी के माध्यम से एक मौलिक और प्रशंसनीय विचार रखा है।

जिसकी चर्चा देश और विदेशों में भी हो रही है। ऊर्जावान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल के चलते गौठान, आर्गेनिक खेती और गोबर का महत्व अब छत्तीसगढ़ की पहचान बन रहा हैं। अतिरिक्त बोनस, छत्तीसगढ़ किसान न्याय योजना और अच्छे प्रबंधन के चलते छत्तीसगढ़ में धान का रकबा बढ़ा है। ध् ान की खेती के अलावा अब यहां सोयाबीन, उड़द, अरहर, मूंग और दलहन के साथ, कोदो, कुटकी और गन्ना की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। उद्यानिकी के क्षेत्र मे भी विकास हो रहा है। निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था उपरोक्त उपायों के चलते मजबूत हुई है।

खेसरी दाल जैसी फसल कम पानी, कड़ी जमीन और विषम मौसम में भी पैदा होती है। कई देशों में इस दाल ने अकाल और कुपोषण से बचाने में भी भूमिका निभाई हैं। दूर्भाग्यवश खेसरी दाल के निरंतर खाने से मांसपेशियां की कंमजोरी एवं लकवा होने की रिपोर्ट मिल रही है। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से इसके न्यूरो टाक्सीन को हटाकर इस उपज को उपयोगी बनाने का प्रयास हो रहा है।

आदिवासी इलाकों मे रहने वाले लोग अपनी रोजी–रोटी के लिए यहां जंगलों पर निर्भर है। राज्य बनने के पहले यहां के सघन जंगलों में मिलने वाले महुआ, साल–सीड, गोंद, इमली, चिरौंजी जैसी लघु वनोपज बस्तर के हाट बाजारों में कौड़ी के भाव में बिक जाया करती थी। चिरौंजी जैसी मेवा भी एक पायली नमक की एवज में खरीद लिया जाता था। वनांचल के हाट–बाजार में 5–10 रूपये किलो बिकने वाली इमली, अच्छी पेकेजिंग और सुंदर प्रस्तुतीकरण के चलते दुबई के बाजार में 200 रूपये किलो तक के भाव में बिकती है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अब वेल्यू एडिशन (मूल्यवर्धन) का अर्थ समझ में आने लगा हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अब हम अपनी प्राथमिकताओं को चिन्हीत कर सके हैं। प्रदेश में आदिवासियों, अनुसूचित, जनजातियों और पिछडे वर्ग के लोगों की 68 प्रतिशतों की जनसंख्या रहती है। प्रदेश की स्थापना के साथ हमने यहां व्याप्त सिकल सेल रोग को चिन्हीत किया हैं।

पहले प्रशासकीय और चिकित्सीय क्षेत्रो तक में यह भ्रांति थी कि सिकल विकृति एक अनुवांशिक रोग है, जिसके लिये कुछ भी नही किया जा सकता। यह सोच गलत थी। राज्य बनने के बाद हमने इसकी रोकथाम और पुर्नवास के लिये एक सशक्त आवाज उठाई है। फलस्वरूप अब रायपुर में श्शसिकल सेल संस्थान की स्थापना हुई है। अभी भी इस संस्थान की उपयोगिता को ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

एक लम्बे समय तक रायपुर शहरध् ध् ाूल–धूर्रा और गर्म हवाओं का कस्बा माना जाता था। गर्मी के मौसम में यहां डामर की सड़के पिघलने लगती थी। 8 से 10 घण्टो तक का पावर कट होता था। अब रायपुर सपनो का शहर है। अब बिजली यहां बहुतायत से है। कोरबा, देश का पावर केपीटल बन कर उभरा है। यहां 100 से अधिक स्पंज आयरन संयत्र है। भिलाई की धमन भट्टियो में जब यहां का लौह अयस्क पिघलता है तो पूरे देश में रेल की पटरियां बिछघ देता है। देश को सबसे ज्यादा सीमेंट यहां के सीमेंट कारखानो से मिलती है। कोसा, टसर जैसा कपड़ा अब रायगढ़ और चाम्पा जैसे स्थानों से चलकर पेरिस और अमेरिका में भी फैंशन का परिचायक बन गया है।

नये राज्य में अब अंर्तराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम और अंर्तराष्ट्रीय स्तर के हाकी स्टेडियम भी हैं। एक बड़े इंडोर स्टेडियम के साथ–साथ शतरंज धर्नुविद्या और टेनिस एकेडमी भी है। अब छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित और पुरस्कृत होने लगे है। पारम्परिक ग्रामीण खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए अब छत्तीसगढ़ ग्रामीण ओलंपिक का भी आयोजन हो रहा है। गांव–गांव मे खेले जाने वाले फुटबाल को भी प्रोत्साहित करने की अब नितांत आवश्यकता है।

वन बाहुल्य क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी यहां के मूल निवासी है। विभिन्न जनजातियों की अपनी भाषा, अपनी संस्कृति और गौरवशाली विरासत है। सदियों से यहां सामूहिक जीवन, सामूहिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक जुड़ाव है। यहां के राजनैतिक परिवेश मे यह बात आज भी साफ झलकती है। सहिष्णुता और धार्मनिरपेक्षता छत्तीसगढ़ की अपनी थाती है।

छत्तीसगढ़ के लोक गीत और लोक नृत्य यहां के उत्सवों और श्रम की साधना का संगीत है। यहां औद्योगिक क्रांति के बावजूद छत्तीसगढ़ का आत्मसम्मान और अस्मिता अक्षुण है, यहां श्शनये और पुरातनश्श का एक अप्रतिम समन्वय बना हुआ है। प्रतिवर्ष अंर्तराष्ट्रीय आदिवासी नृत्य समारोह का आयोजन होता है।

राज्य स्थापना दिवस पर यह राज्य अपने साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकताओं विभिन्न क्षेत्र के अग्रणी लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें सम्मानित भी करता है। तीज त्यौहार पर मांदर की थाप के साथ यहां के मुख्यमंत्री भी गेड़ी नृत्य में सम्मिलित होते है। वे हथेली पर भंवरा नचाकर जनजीवन में घुल मिल जाते है। निश्चित रूप से इसलिये कहा जाता है–छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया

नगर पालिका द्वारा फागिंग व मच्छर मार दवा का नहीं कराया जा रहा छिड़काव:रत्नेश द्विवेदी

सीतापुर। भारत परिषद के मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता रत्नेश द्विवेदी के नेतृत्व में .पांच सूत्रीय जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन इस उप जिलाधिकारी न्यायायिक हरीश चन्द्र शुक्ला को सौपा गया। ज्ञापन में जन समस्याओं को रखते हुए उसके समाधान की मांग की गयी। ज्ञापन के माध्यम से मंडल अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने बताया कि गांवों और शहरों में डेंगू बुखार तेजी से फैल रहा है। इससे तमाम लोग पीड़ित हो चुके हैं। कई लोगों की मौते भी हो चुकी है। इसके बावजूद भी नगर पालिका द्वारा फोगिंग व मच्छर मार दवा का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है और मोहल्लों के साफ सफाई पर भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। मोहल्लों की नालियों में गन्दा पानी भरा होने के कारण उसमे मच्छर पनप रहे हैं। जिस कारण डेंगू आदि बीमारी फैल रही है। दूसरे बिंदु ने बताया डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिले में सरकारी अस्पताल होने के बावजूद मरीजों को सही सुविधा ना मिलने के कारण जनता डेंगू जाच बाहर से करा रहे हैं। जससे जनता को आर्थिक नुकसान का भी सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में डेंगू से बचाव और रोकथाम के उपायों को लेकर कैम्प आदि लगाकर किसी प्रकार का जन–जागरूकता अभियान भी नहीं चलाया जा रहा है। तीसरे बिन्दु में बताया ब्लड बैंक यूनिट में मरीजों की सुविधा के लिए कम्पोनेंट सेपरेटर लगाया जाना था। जो अभी तक नहीं लग पाया है मरीजों को प्लेटलैट्स की आवश्कता पड़ रही है। सुविधा न होने के कारण मरीजों को प्लैटलैट्स नहीं मिल रही है। इसके साथ जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में बेड भी कम है। जिस कारण मरीजों को लखनऊ रेफर कर दिया जा रहा है। चौथे बिन्दु में बताया कि कचहरी में इन दिनों बंदर हिंसक हो रहे हैं।

वह कचहरी में आने वाले वकीलों और वादकारियों पर हमला कर रहे हैं। अधिवक्ताओ के चौम्बर में रखे सामान को बंदर नष्ट कर दे रहे हैं। पूर्व में भी अधिवताओं ने बंदरों से निजात दिलाने की जिला प्रशासन से गुहार लगा चुके है। परन्तु अभी तक बंदरो के उत्पात से निजात नहीं मिला है। अंतिम बिंदु में मंडल महासचिव सुधांशु मिश्रा ने बताया .सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है दिन अस्पताल में डॉक्टर ना मिलने पर मरीजों को मजबूरी में प्राइवेट डॉक्टर के यहां जाना पड़ता है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता रत्नेश द्विवेदी, मंडल महासचिव सुधांशु मिश्रा, अधिवक्ता टीका राम प्रजापति, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता आकाश राय, जिला उपाध्यक्ष राम कुमार कटियार, अधिवक्ता सचिन अवस्थी, अधिवक्ता पवन यादव, जिला मंत्री अम्बीश दीक्षित उपस्थित रहे।

दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का बीडीओ के नेतृत्व में हो रहा आयोजन

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला के किसान इंटर कालेज सरैंया राजा साहब के क्रीड़ा मैदान में खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग की विकासखंड पहला की दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी पहला विवेकमणि त्रिपाठी ने खेल ध्वज फहराकर एवं बीईओ के साथ दौड़ प्रतियोगिता का सीटी बजाकर शुरुवात करने के साथ किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी विवेक मणि त्रिपाठी ने कहा की खेलों से समेकित व्यक्तित्व विकास के साथ निरंतर आगे बढ़ने की क्रिया तेज होती है। प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ उतरें तथा किसी भी प्रतिभागी से ईर्ष्या द्वेष ना रखें। स्वयं को आगे बढ़ने के लिए अपनी ऊर्जा का उपयोग करें। जूनियर वर्ग के बालक वर्ग की सौ मीटर दौड़ में यूपीएस सिकंदराबाद के सचिन कुमार 200 मीटर दौड़ में यूएस हुसैनपुर के सूफियान 400 मीटर में यूपीएस कब्र के अंकुल लंबी कूद में यूपीएस सद्रवा के अभिषेक बिजी रहे के हुई प्राथमिक स्तर के बालक वर्ग की प्रतियोगिता 50 मीटर व 100 दौड़ में प्राथमिक विद्यालय सटल्लापुर के अतुल सिंह, 200 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय रेवाली के साहिद, व 400 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय सैर के निर्मल विजेता रहे। वहीं बालिका वर्ग की 50 मीटर, 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर की अंशिका तथा 400 मीटर में प्राथमिक विद्यालय बेहडंबर की अंगीता देवी विजेता रहीं। वहीं बालिका वर्ग की 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में यूपीएस खेतमनी की पारुल, 400 मीटर दौड़ में खेरिया की शिवानी, लम्बी कूद में यूपीएस सद्दूपुर की नगीना तथा ऊंची कूद में यूपीएस बिलौली नानकारी की अंशिका विजेता रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

नए आधार कार्ड निशुल्क बनेंगे अपडेट कराने पर देने होंगे 50 रुपये:डी.एम

आधार बनाने की गति बढ़ाने के लिए मुख्यालय, तहसील, ब्लाक, नगरीय निकाय में कैम्प लगायें–मंगला

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की पहली बैठक आयोजित की गयी जिसमें मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम प्रकाश वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीपी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्वि मिश्रा तथा अन्य समिति के सदस्य के साथ यू0आई0डी0ए0आई0 से ऐमन परवेज बैठक में सम्मिलित हुए उनके द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पुराने आधारों का अपडेशन तथा नये आधार बनाये जाने है। जनपद में अब तक 94 प्रतिशत आधार कार्ड बनाये जा चुकें हैं परन्तु 0 से 5 वर्ष के बच्चों का मात्र 22 प्रतिशत ही कार्ड बनाये जा सकें है। यदि किसी का आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गए है, तो अपने नजदीकी आधार केंद्र पर जाकर आधार अपडेट जरुर कराये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त आधारों को बनाये जाने हेतु ग्राम पंचायतोंवारधविकासखण्ड वार बच्चों के कार्ड बनाये जाने हेतु ड्यूटी लगायी जाये। सरकार द्वारा नये कार्ड फ्री में बनाये जा रहे हैं, तथा अपडेशन हेतु आधार केन्द्र पर 50 रू0 शुल्क देय होगा। अभ्यर्थी को स्वयं आनलाइन अपडेशन करने पर 25 रू0 की धनराशि देय होगी। आधार कार्ड बन जाने से सम्बन्धित व्यक्तियों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलने में आसानी होगी। आधार अपडेट कराने हेतु लाभार्थी को अपने पते का प्रमाणपत्र और पहचान प्रमाणपत्र साथ लेकर आना होगा। जनपद में वर्तमान में 292 आधार केन्द्र संचालित है। उक्त कार्य को आमजन तक पहुंचाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा सी०एच०सी० मैनेजर को निर्देश दिये गये कि विकास खण्ड परिसर, तहसील परिसर, विकास भवन, कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक आफिस, बस स्टाप तथा रेलवे स्टेशन पर नये सेण्टर खोले जायें। लाभार्थी स्वयं अपना आधार कार्डीजजचेरूध्ध्उलंकींत नपकंप.हवअ.पद पर जाकर आनलाइन अपडेट कर सकते हैं, जनपद में 292 केन्द्रों की सूची जनपद के एन0आई0सी0 के पोर्टल पर भी देख सकते है। जिलाधिकारी द्वारा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिये गये कि समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं से सम्बन्धित अधिकारियों को आधार केन्द्रों की सूची भेजकर उन्हें नजदीकी केन्द्र पर आधार बनवाये जाने हेतु प्रेरित किया जाये। बैठक में जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, सीओ विनोद कुमार द्विवेदी आदि उपस्थित रहें।

नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण का आयोजन

परसेण्डी (सीतापुर)। नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण में टोली नायक मान सिंह, सह टोली नायक राम कुमार सोनी, संयोजक संतोष श्रीवास्तव, रवि शंकर गिरी, राम नरेश, यज्ञ समिति अध्यक्ष सरैया कायस्थान सुरेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, यज्ञ समिति सचिव विजय कुमार श्रीवास्तव तथा ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, राम प्रकाश श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, विमलेश दीक्षित, इतेन्द्र, गौरी शंकर, दीप चन्द्र, श्रीचन्द्र, संतोष सिंह, ललित सिंह, संतोष राठौर, राजकिशोर, अमिता रस्तोगी, पूनम देवी, राजेश्वरी वैश्य, राम दास, गोविन्द, गोपाल सिंह, मनोज त्रिवेदी, मनोज श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव आदि।

कार्यवाही न होने से भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी

बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली व ब्लॉक तहसील बिसवा क्षेत्रांतर्गत एक व्यक्ति द्वारा कई वर्षो से अवैध निर्माण रुकवाने की लगातार शिकायतों पर कारवाही न होने के कारण पीड़ित द्वारा तहसीलदार बिसवां को एक शिकायती प्रार्थना पत्र पुनः देते हुए कारवाही न होने की दशा में भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी गई है। मिली जानकारी अनुसार कोतवाली ब ब्लॉक बिसवां अंतर्गत जलालपुर निवासी मुहीउद्दीन अंसारी द्वारा तहसीलदार बिसवां को एक प्रार्थना पर देते हुए यह आरोप लगाया गया कि उसके द्वारा गांव के ही नईम पुत्र नूर अली द्वारा रास्ते व नाले पर अवैध कब्जा कर उस पर निर्माण कर छत डलवाई जा रही है। जिसकी लगातार उपजिलाधिकारी समेत मुख्यमंत्री को भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे रास्ते पर गंदा पानी बह रहा है अगर उसे नहीं रुकवाया गया तो वह भूख हड़ताल पर बैठ जायेंगे।

साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन

सीतापुर। हिंदी भाषा व साहित्य को समर्पित संस्था अन्नपूर्णा साहित्य संगम सीतापुर ने साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। शहर के जेल रोड स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय में आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ सतीश चंद्र वर्मा ने की। संचालन अशोक मिश्र के द्वारा किया गया। युवा कवि अंबुज दीक्षित की वाणी वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वरिष्ठ शायर महफूज रहमानी व कवि ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे सतीश चंद्र वर्मा ने सुनाया मूर्ति सजाते रेशम पट से, पित्र घूमते नंगे हैं। इसी भूल के कारण ही हिंदू मुस्लिम दंगे हैं। महफूज रहमानी ने सुनाया हम हैं डूबे हमसे पूछो, पानी कितना गहरा देखा। अशोक कुमार मिश्र ने सुनाया जब बेटा के संग बाप बैठ मदिरा का पैक बनाएगा, तब सृष्टि नियंता भी अपनी ही कृति पर अश्रु बहाएगा। इस अवसर पर यासीन इब्ने उमर, के०पी० मिश्र, अवधेश शुक्ला, रौनक सीतापुरी, ए०पी० गौतम, नफीस सीतापुरी, कन्हैया लाल शुक्ल, सुमन मिश्रा, अंबुज दीक्षित व सुधांशु त्रिवेदी आदि ने भी काव्य पाठ कर वाहवाही बटोरी।

बाइक दुर्घटना में घायल दूसरे युवक की भी मौत

हरपालपुर,हरदोई।कटरा–बिल्हौर हाईवे पर इकनौरा गांव के पास बीते मंगलवार को दो बाइकों की भिड़ंत में घायल दूसरे युवक की . लखनऊ में मौत हो गई।थाना क्षेत्र के धीरपुर गांव निवासी रामू अपने साथी स्थानीय कस्वा निवासी विवेक के साथ बाइक से हरदोई से वापस आ रहा था। कटरा बिल्हौर मार्ग पर इकनौरा गांव के पास सांडी थाना क्षेत्र के काईमऊ गांव स्थित अपनी रिश्तेदारी जा रहे ज्योतिपुरवा गॉव निवासी हारुन 50 अपने पुत्र गुल मोहम्मद 20 की बाइक से जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें चारो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।सभी घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेस से सीएचसी हरपालपुर में भर्ती कराया। जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिसमें धीरपुर गांव निवासी धीरु की उसी दिन देर रात मौत हो गई थी।.. कस्बा निवासी विवेक की बलरामपुर हास्पिटल लखनऊ में मौत हो गई है मृतक विवेक की तीन बर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसके कोई संतान नहीं है।युवक की मौत सेपरिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

कैम्प लगाकर करे विद्युत समस्याओं का समाधान

हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा राना द्वारा विकास खण्ड कार्यालय बेहन्दर निरीक्षण किया गया तथा ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों द्वारा पंचायत सचिवालयों में विद्युत कनेक्शन न प्राप्त होने, अधिक बिल आने आदि संबंधी समस्याओं से अवगत कराकरक, उनके निस्तारण का अनुरोध किया गया। इस संबंध अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड सण्डीला से वार्ता की गयी, उनके द्वारा ब्लाक स्तर पर कैम्प लगाकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया । उन्होंने बताया है कि 23 नवम्बर 2022 को विकास खण्ड बेहदर सभागार में विद्युत समस्याओं के निस्तारण हेतु कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

विधायक ने कान्हा गौशाला का किया शुभारम्भ

गोंदलामऊ (सीतापुर)। विकासखण्ड मछरेहटा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अनोगी में क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव द्वारा कान्हा गौशाला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव द्वारा गायों को हरा चार खिलाया गया और साथ ही माल्यार्पण किया। उन्होंने बताया कि सभी न्याय पंचायतों में कान्हा गौशालाओं के निर्माण हेतु भूमि का चिन्हीकरण किया जा चुका है। वहीं क्षेत्र की अधिकांश न्याय पंचायतों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्राम पंचायत अनोगी के प्रधान प्रतिनिधि राणा प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू ने बताया कि मनरेगा व 15वां वित्त से 15–16 लाख रूपये की लागत से कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य कराया गया है। वहीं गायों को चारे की उपलब्धता के अनुरूप गौवंश को रखा जायेगा। ग्राम पंचायत में दो एकड़ भूमि पर हरे चारे की बुवाई की गई है। अभी विकल्प के तौर पर 150 प्रति कुन्तल के हिसाब से हरे चारे की खरीब ग्रामीणों से की जा रही है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रामगोपाल अवस्थी, संदना मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, कल्ली मंडल अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, राहुल सिंह, सीटू अवस्थी, खण्ड विकास अधिकारी मछरेहटा ओपी वर्मा, एपीओ अर्चना सिंह, एडीओ पंचायत संदीप, पशुचिकित्सा अधिकारी रितेश, रणबिजय सिंह, मनोज सिंह, सोनू पाण्डेय, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

झोलाछाप ने इलाज के नाम पर बच्चे का पैर तोड़ा

जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद पुलिस ने हिरासत में लेकर कुछ ही मिनटों में अभियुक्तको छोड़ा

शाहबाद,हरदोई।जिले के शाहाबाद इलाके में एक 11 वर्षीय बालक के पैर को मरोड़ कर तोड़ने वाले आरोपी झोलाछाप को डीएम के निर्देश पर पुलिस ने हिरासत में लिया है चंद मिनटों के बाद इस झोलाछाप को छोड़ दिया गया।आपको बताते चलें, शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के सुरजन या पुर निवासी झोलाछाप रामरतन और उसका पुत्र अखिलेश हड्डी जोड़ने का दावा करता है वह गांव में ही एक अस्पताल को लगाता है जिसमें नियमों को ताक पर रखकर एक्सरे मशीन भी लगाई गई हैं।धड़ल्ले से अपने इस अवैध कारोबार को व स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से अंजाम देता है और फर्जी अस्पताल में आने वाले हड्डी रोगियों से जमकर वसूली करता है।प्राप्त जानकारी के अनुसार , बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम खंडवा खुर्द निवासी बेबी पत्नी विनोद सिंह अपने 11 वर्षीय बेटे आयुष के पैर में फैक्चर हो जाने के कारण झोलाछाप के यहां लेकर पहुंची वहां डॉक्टर ने उसका पैर मरोड़ दिया जिससे उसका गुल्ला टूट गया ,उसके बाद कथित झोलाछाप ने हाथ खड़े कर दिए, तब बेबी अपने बेटे को लेकर राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल दिल्ली पहुंची ,जहां 10 माह से उसका इलाज चल रहा है इस पूरे मामले में समाधान दिवस पर जिला अधिकारी की मौजूदगी में बेबी नेम बताया कि उसके पुत्र का 3रू30 इंच पर भी छोटा हो गया है पीड़ित माने तो जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर झोलाछाप के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है लेकिन उसे कहीं से न्याय नहीं मिला। उसके बाद वह संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम मंगला प्रसाद सिंह के सामने पेश हुए और न्याय की गुहार लगाई, डीएम के निर्देश पर झोलाछाप अखिलेश को पुलिस ने हिरासत में तो लिया प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र के अनुसार, जब पुलिस उसके अस्पताल पहुंची तो अखिलेश ने भागने का प्रयास किया, पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और थाने ले आई। इसके चंद मिनटों बाद ही छूट गया। इससे स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन के दावे पर सवाल उठना लाजमी है।

को प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार

बिसवां नगर (सीतापुर)। तहसील बिसवां के ग्राम सरैयां कला पोस्ट कोटरा के करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने तहसीदार बिसवां को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। आप को बता दें ग्रामीणों ने शिकायती प्रार्थना पत्र में गांव के कोटेदार पर आरोप लगाते हुए बताया कि कोटेदार राकेश वर्मा, ई पास मशीन में अंगूठा लगवाकर राशन नहीं देता है। जब ग्रमीण राशन लेने जाते हैं तो कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देता है। ज्यादा कुछ कहने पर लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाता है। वहीं तहसीलदार बिसवां अविचल प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को संज्ञान में लेते हुए जांच करवाकर कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया।

मेडिकल कालेज का हुआ निरीक्षण,दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। पूर्वांचल विकास बोर्ड उ0प्र0 सरकार अरविन्द सिंह पटेल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य रंह पटेल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाक रूम, इमरजेंसी वार्ड, ओ0पी0डी0 का आदि का निरीक्षण कि निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, वं तीमारदारों को कोई सदस्य हाने पाये। इसके पश्चात सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उ0प्र0 सरकार बौ अरविन्द सिंह पटेल द्वारा माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज का निरीक्षण के दौरान सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उ0प्र0 सरकार बौ) अरविन्द सिंह पटेल द्वारा ओ0पी0डी0, जनरल वार्ड, आई0सी0, ,स0, न0सी0 वार्ड, महिला वार्ड, डें: वार्ड तथा अनुसार को देखा प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0, 0के0झा

को निर्देश दिनाक कि अस्पताल में आने वाले मरीजोध्तीमारदारो को किसी भी प्रकार की असुविध न हो। सभी का सही ढंग से इलाज किया जाये। अस्पताल परिसर में साफ–सफाई बवस्था सुनिश्चित किया जाये। सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उ0प्र0 सरकार बै अरविन्द सिंह पटेल द्वारा विकास खंड नौगढ के ग्राम पंचायत सीरवत में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में प्रतिभा किया चौपाल कार्यक्रम में संबधित अधिकारियो द्वारा भारत सरकारध्प्रदेश सरकार की जनपद अधिकारी योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगे को जानकारी दिनाक तथा उनकी समस्यओ का निस्तार किया सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उ0प्र0 सरकार बौ अरविन्द सिंह पटेल ने सभी सम्बंधित अधिकारी अपने–अपने विभाग की योजनाओं का लाभ वक्तिों तक पहुॅचाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि तथा गौतम बद्ध कीध्करती पर आने का सौभाग प्राप्त हुआ है। आज भारत सरकारध्उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निचले पादान पर खड व्यक्ति को विभिन्न योजनाओं के से लाभान्वित कर रही है। आज सरकार जनता के द्वारा आकर जनमानस की समस्यओं को सुनकर उनका निस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 नरेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, तहसीलदार नौगढ सिया राम रमन, खंड विकास अधिकारी नौगढ+ अरूण कुमार श्रीवास्तव, सी0डी0पी0ओ0 नौगढ गौरीशंकर, राम प्रसादध्प्रतिनिधिसिरवत जितेन्द्र कुमार तथा अनुसंबधिध अधिकारी उपस्थित थे।

बिसवां व रामपुर कला पुलिस द्वारा दो वारण्टी गिरफ्तार

बिसवां नगर (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में वांछित वारण्टी की नियमानुसार गिरफ्तारी एवं् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में थाना बिसवां पुलिस द्वारा 01 वारण्टी गिरफ्तार थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा वाद सख्या 623ध4 में वारण्टी रामलखन पुत्र रतनलाल निवासी कोड़रा थाना बिसवां को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना रामपुर कलां पुलिस द्वारा 01 वारण्टी वाद संख्या 2369ध16 में वारण्टी छोटेलाल पुत्र सुन्दरलाल निवासी शंकरपुर थाना रामपुर कलां को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

रिफ्लेक्टर लगाकर यातायात की दी जानकारी

सीतापुर। यातायात माह के तहत बड़े वाह ट्रक ट्रैक्टर–ट्राली आदि वाहनां पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर यातायात के नियम व सावधानियों के प्रति चालकों को जागरूक किया गया। शहर में बढ़ती ठंड में सड़क दुर्घटना के मामले अधिक हो जाते है। ऐसे में पुलिस विभाग द्वारा ट्रक ट्रैक्टर ट्राली चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

सिद्धार्थ विश्वविधालय में मनाया गया वीरांगना झलकारी बाई जन्म जीवनोत्सव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में आज इतिहास विभाग, सिद्धार्थ विश्वविधालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर द्वारा वीरांगना झलकारी बाई जन्म जीवनोत्सव के उपलक्ष्य में झलकारी बाई जन्म दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ सच्चिदानन्द चौबे अध्यक्ष इतिहास विभाग सिद्धार्थ विश्वविधालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई का जीवन प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में झांसी की रानी एवं झांसी के प्रति पूर्णतः समर्पित रहा। उनके जीवन एवं त्याग को इतिहास के पन्नो में समुचित रुप से चिरस्मरणीय रूप में सहेजा जाना चाहिए। झलकारी बाई ने छोटी आयु में ही वह झांसी राज्य पर सब कुछ न्यौछावर कर दिया। जब वह झांसी की आजादी एवं स्वधर्म की स्थापना हेतु क्रांतिदूत के रुप में हाथों में शस्त्र धारण कर लिया तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। ऐसे में इस स्वतंत्रता आंदोलन की महानायिका के रूप में भी झलकारी

बाई का याद किया जाताहै। कार्यक्रम में प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के सहायक आचार्य डॉ शरदेंदु कुमार त्रिपाठी ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई ने प्रथम स्वंतत्रता आंदोलन को धर देने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। लोक प्रशासन विभाग के सहायक आचार्य डॉ रविकान्त शुक्ला ने कहा कि झलकारी बाई ने प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में एक वीरांगना के रूप में प्रत्येक भारतीय की लिए मिशाल है। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार पाण्डेय, प्राचीन इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की सहायक आचार्य डॉ वन्दना गुप्ता ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की ओर से कृष्णा तथा सूर्यांश ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आमृत महोत्सव की नोडल अधिकारी डॉ सुनीता त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ यशवन्त यादव, सहायक आचार्य, इतिहास विभाग ने किया। कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के शिक्षक, डॉ मयंक कुमार कुशवाहा, डॉ सरिता सिंह, डॉ अरविन्द कुमार रावत, सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी सूचना और जनसंपर्क अधिकारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह ने दी है।

साइबर अधिकारी बन धमकी देने का आरोप

निचलौल। शहर के युवक ने एक व्यक्ति पर साइबर क्राइम का अधिकारी बन धमकी देने का आरोप लगाया है। युवक ने पुलिस को तहरीर देकर व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शहर के कोर्ट वार्ड निवासी नौसाद अहमद ने बताया कि वह एक बैंक में एजेंट का कार्य करते हैं। शीतलापुर खेसरहा निवासी अजित गुप्ता ने लोन के लिए फाइल दी थी। उन्हें सिविल ठीक न होने के चलते लोन न होने की जानकारी दी थी। इससे नाराज होकर अजित मेरा संपर्क नम्बर एक व्यक्ति को दे दिया। वह फोन कर अपने को साइबर क्राइम का अधिकारी बताते हुए धमकी देने लगा। इंस्पेक्टर आंनद कुमार गुप्ता ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। जांच कर व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक बर्खास्त, मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश

महराजगंज। परतावल ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बेजौली में तैनात शिक्षक दिनेश चंद्र को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बर्खास्त कर दिया है। उसके ऊपर कूटरचित प्रमाणपत्र पर नौकरी हासिल करने का आरोप था। मामले में उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं, वित्त एवं लेखाधिकारी से वेतन भुगतान की रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय बेजौली में तैनात शिक्षक दिनेश चंद्र के बारे में आईजीआरएस पर शिकायत आई थी कि वह फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रहे हैं। मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी से कराई गई। जांच में टीईटी के अंकपत्र में गड़बड़ी मिली। उन्होंने 18 जून 2022 को शिक्षक से इस बारे में जवाब मांगा, लेकिन उन्होंने न तो कोई साक्ष्य दिया और न ही जवाब देने में रुचि दिखाई। अंतिम नोटिस जारी कर उसे पक्ष रखने के लिए बुलाया गया, मगर वह उपस्थित नहीं हुआ। ऐसे में शिक्षक को बर्खास्त करते हुए उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षक से भुगतान की गई धनराशि की वसूली की जाएगी।

हत्या के प्रयास के मामले में चार को आजीवन कारावास

महराजगंज। कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम कोल्हुई में वर्ष 1998 में हुए मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उन पर कुल एक लाख 92 हजार 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक कोल्हुई निवासी कम्मल धोबी ने पांच जून 1998 को कोल्हुई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि सुबह आठ बजे नाली व पानी के विवाद में उसकी पत्नी को गांव के ही राजेंद्र यादव व कन्हई यादव (सगे भाई), चौथी चौधरी व जोगिन्दर यादव ने न सिर्फ मारा–पीटा, बल्कि जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। पुनरू शाम को रात आठ बजे वादी का पुत्र मुन्ना घरेलू सामान लेने चौराहे की तरफ जा रहा था तो दुर्गा मंदिर के पास सभी लोगों ने उस पर प्राणघातक हमला कर दिया जिसमें किसी प्रकार उसकी जान बची। विवेचक की ओर से मामले में अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फणीन्द्र नाथ त्रिपाठी ने विशेष न्यायाधीश के समक्ष गवाहों को पेश कर सजा की मांग की जिस पर साक्ष्यों को देखने व गवाहों को सुनने के बाद उन्होंने सभी को आजीवन कारावास, दस–दस वर्ष के सश्रम कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई।

आप कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन

निचलौल। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को चार सूत्री ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शहर के हर्रेडिह वार्ड में बने शवदाह गृह की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आप कार्यकर्ता जाहिद अली, खुर्शेद मलिक, विजय कुमार, रामदुलार, घनश्याम यादव, इस्माइल ने कहा कि नगर पंचायत के हर्रेडिह वार्ड में चमनगंज पुल के निकट बने शवदाह गृह के निर्माण में धांधली की गई है। शवदाह गृह जाने वाली पक्की सड़क, शौचालय, स्नानागार, बैठने के लिए कुर्सी और लकड़ी की व्यवस्था की जाए। मानक विहीन बने शवदाह गृह को मानक के अनुरूप बनवाया जाए। निर्माण कार्य में धांधली करने वाले ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त कर धन की वसूली की जाए। उन्होंने तत्काल जांच कर कार्रवाई न करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

लापरवाही में सफाई नायक का वेतन कटा

जौनपुर। अधिषासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सन्तोष कुमार मिश्रा, ने वार्ड उर्दू बाजार एवं लाइन बाजार हुसैनाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उर्दू बाजार वार्ड की सफाई नायक श्रीमती सीमा उपाध्याय द्वारा कतिपय कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका में तिथि तक अंकित नहीं की गयी है तथा वार्ड में गन्दगी पाये जाने की दषा में सम्बन्धित सफाई नायक श्रीमती सीमा उपाध्याय का एक दिन का वेतन अदेय करते हुए विषेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गयी। साथ ही भविष्य में साफ–सफाई पर विषेष ध्यान देने हेतु निर्देषित किया गया तथा लाइन बाजार हुसैनाबाद का निरीक्षण के समय कई स्थानीय निवासियों द्वारा नाली पर अवैध अतिक्रमण तथा गन्दगी फैलाने वाले कुल छः लोागों को नोटिस निर्गत करते हुए चेतावनी दी गयी। इस अवसर पर साफ–सफाई कर जागरूकता संदेष द्वारा संचारी रोग डेगू से बचाव हेतु लोगों को अपने घरो में, आस–पास, छत पर गन्दा पानी इक्ट्ठा न करने हेतु जागरूक किया गया जिससे मच्छरों का प्रजनन को रोका जा सके।

चकरोड काटने पर तहसील गेट पर किया प्रदर्शन

तहसील प्रशासन की मौजूदगी में सीमांकन के बाद बन रही थी सड़क

सलेमपुर। ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत बनाई गई सरकारी सड़क को कुछ लोगों ने काटकर फेंक दिया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसील गेट पर पहुंचकर प्रदर्शन कर एसडीएम अरुण कुमार वर्मा को पत्रक दिया। दूसरी तरफ ग्राम प्रधान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

कोतवाली थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुरैना में ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा के तहत चकरोड का निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान सरिता देवी ने एसडीएम अरुण कुमार वर्मा व तहसीलदार मिश्रीलाल सिंह चौहान को पत्र देकर हफीज के खेत से शमशाद के खेत तक जाने वाले चकरोड को पैमाइश कराने की मांग की थी। प्रधान की मांग के बाद एसडीएम ने टीम गठित कर पत्थर गढ़वाने के बाद चकरोड का निर्माण कराने को कहा।

गांव की प्रधान सरिता देवी ने बताया कि पैमाइश के बाद मनरेगा के तहत चकरोड का निर्माण कराया गया था। इसे गांव के कुछ लोगों ने काट कर फेंक दिया। इससे नाराज गांव के इकबाल अहमद, मंसूर आलम, नासिर अंसारी, अफजल, एसानुल हक, यासिर अंसारी, आलमगीर अंसारी, सलीम अंसारी, अजीम उल्लाह अंसारी व दिलनवाज अंसारी ने तहसील गेट पहुंचकर प्रदर्शन किया।

आरोप है कि 50 वर्ष से यह चकरोड चलता आ रहा है। एसडीएम अरुण कुमार वर्मा ने कोतवाल को फोन कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद चकरोड काटने के मामले में तीन–चार लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा तहरीर मिली है। जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

डीडीएम बोले टाइल्स उखड़वाकर तत्काल बदलो, फर्म को नोटिस

पाथवे पर लगाई जा रहीं टाइल्स की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने राघव नगर स्थित देवरिया क्लब में निर्माणाधीन मल्टीपरपज भवन का निरीक्षण किया। डीएम ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया तथा तीन सदस्यीय समिति के माध्यम से परियोजना की जांच कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी दोपहर बाद दो बजे मल्टीपरपज हाल के निर्माण स्थल पर पहुंचे। उन्होंने पाथवे पर लगाए जा रहीं टाइल्स की गुणवत्ता पर असंतोष जाहिर किया। उन्होंने निर्माण कार्य करने वाली फर्म को लगाई गई टाइल्स को उखड़वाकर तत्काल नए सिरे से निर्धारित मानक के अनुसार लगाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त ईंटों की गुणवत्ता तथा कार्य की फिनिशिंग को भी प्रथमदृष्टया मानक के अनुरूप नहीं पाया। मौके पर निर्माण कार्य कर रही फर्म के साइट इंजीनियर भी नदारद मिले। जिलाधिकारी ने कमियों पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिशासी अभियंता, सिंचाई दुर्गेश गर्ग, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी आरके सिंह तथा अधिशासी अभियंता, आरईडी अबरार अहमद की सदस्यता वाली तीन सदस्यीय समिति से जांच कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य करने वाली फर्म को नोटिस देने के भी निर्देश दिए। राघव नगर स्थित देवरिया क्लब में पांच करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से जिला पंचायत द्वारा मल्टीपरपज हाल का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद परियोजना के कार्य आरंभ होने की तिथि 28 अक्तूबर 2021 है। इसे इस वर्ष 27 अक्तूबर को पूर्ण होना था। परियोजना की कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद द्वारा फर्म मेसर्स श्री सांई बाबा कंस्ट्रक्शन निर्माण कार्य करा रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य अधिकारी ज्ञानधन सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

तलाशे जाएंगे उत्कृष्ट कहानीकार शिक्षक, निखरेगी प्रतिभा

महराजगंज। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की ओर से जनवरी के दूसरे सप्ताह में राज्य स्तरीय कहानी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें जिले से भी उत्कृष्ट शिक्षक की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने के लिए 1695 विद्यालयों के शिक्षकों की प्रतियोगिता कराई जाएगी।

प्राथमिक व जूनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ कहानी को प्रस्तुत करने वाले शिक्षक को उसमें भेजा जाएगा। जिससे कि वे अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए जिले का नाम रोशन करें। परिषद की ओर से प्रत्येक वर्ष परिषदीय के उन मेधावी शिक्षकों के लिए कहानी प्रतियोगिता का आयोजन होता है जो कहानी सुनाने में रुचि रखते हैं। इस बार का विषय एक भारत–श्रेष्ठ भारत रखा गया है। ऐसे में शिक्षकों को विषयवस्तु को ध्यान में रखते हुए अपनी प्रस्तुति देनी होगी। प्रत्येक शिक्षक को कहानी को प्रस्तुत करने के लिए तीन से पांच मिनट का समय दिया जाएगा। वे वहां पर अपनी कहानी को प्रस्तुत कर न सिर्फ पुरस्कृत होंगे, बल्कि अपने जिले का नाम भी रोशन कर सकेंगे। डायट में होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता: राज्य स्तर पर भेजे जाने वाले शिक्षकों का निर्धारण डायट पर होने वाली जिलास्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से ही होगा। विषयवस्तु को ध्यान में रखते हुए वे अपने प्रस्तुतियों को रोचक तरीके से करेंगे जिससे कि उन्हें राज्य स्तर के लिए भेजा जा सके। उत्कृष्ट कहानी सुनाने वाले शिक्षकों को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता निर्धारित है। इसमें परिषदीय शिक्षक अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।

जेल के निरीक्षण में गुणवत्ता विहीन मिला भोजन

जौनपुर । सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विवेक विक्रम ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सदस्य सचिव संजय सिंह द्वारा विशेष कार्याधीकारी भागीरथ वर्मा, की उपस्थिति में जिला कारागार जौनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया कि जिला कारागार में कुल 1182 बन्दी है, जिनमें 188 पुरूष तथा 07 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 863 पुरूष तथा 50 महिलाएँ एवं 43 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी तथा प्रशासनिक आधार पर अन्य कारागार से प्राप्त बंदियों की संख्या 30 है। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 08 बच्चे हैं। सचिव संजय सिंह, कारागार में साफ–सफाई को इंगित करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने हेतु जेलर कुलदीप सिंह भदौरिया को निर्देशित किया गया। जेलर द्वारा यह भी बताया गया कि बन्दियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय से चिकित्सकों की एक टीम का गठन भी किया गया है जिनके द्वारा प्रत्येक बुधवार को बन्दियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है।

जेल अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया गया कि वह मुख्य चिकित्साधिकारी से सामंजस्य स्थापित करते हुए बंदियों की एच0आई0वी0 की जॉच नियमित अंतराल पर कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान बंदियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता स्तर हीन पायी गयी तथा जेलर को कडाई से निर्देशित किया गया कि बंदियों को उचित गुणवत्ता के भोजन दिलायें जाने की समुचित व्यवस्था करें। निरीक्षण के दौरान संजय सिंह, द्वारा बताया गया कि ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैदियों के नाबालिक होने की संभावना को देखते हुए जन्म प्रमाण पत्र मंगवाने की सलाह दी गयी। समयपूर्व रिहाई के पात्र बन्दियों को चिन्हित कर उनके प्रार्थना पत्र तैयार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जेलर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कारागार स्तर पर किसी भी सिद्धदोष बन्दी की जेल अपील लम्बित नहीं है सभी बंदियों की अपील की जा चुकी है। डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व श्रीमती सुषमा शुक्ला, चिकित्साधिकारी डा0 रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल पी0एल0वी0 गण व अन्य उपस्थित रहे।

सभासद करम हुसैन ने किया विधायक नौतनवा का स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली/महराजगंज। आदर्श नगर पंचायत सोनौली वार्ड नं 09 सुभाष

नगर के सभासद करम हुसैन ने अपने समर्थकों के साथ विधायक नौतनवा ऋषि त्रिपाठी का वार्ड में आगमन पर गर्म जोसी के साथ स्वागत व अभिनन्दन किया। विधायक ने सभासद द्वारा स्वागत अभिनन्दन को स्वीकारते हुए वहां स्वागत समाहरो में उपस्थित वार्ड के निवासी कार्यकर्ता को धन्यवाद देते हुए सरकार की उपलब्धियों को बताया व आगामी नगर पंचायत चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से विजई बनाने के लिए आमजन मानस से अपील किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अखिलेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश शुक्ल, रविन्द्र नाथ मिश्र, राममिलन, राजेन्द्र विश्वकर्मा, राजेश मिश्र, विजय प्रताप दुबे, शाह आलम, उमेश जयसवाल, कमलापति जयसवाल, नियमुद्दीन, हैदर अली सहित भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

जर्नलिस्ट प्रेस कलब तहसील इकाई की मासिक बैठक हुई संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवा/महाराजगंज।जर्नलिस्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई नौतनवा की मासिक बैठक नगर में स्थित एक हाल में सोमवार की शाम को सम्पन्न हुआ बैठक में सर्व प्रथम प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष गुलाम मुस्तफा इद्रीशी के दिवंगत पुत्र के आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से आत्मा की शांति हेतु लोगों ने प्रार्थना किया। इसके बाद सभी पदाधिकारीयों एवं पत्रकारों ने अपनी अपनी सुझाव व समस्याओं सहित संगठन की मजबूती पर अपना अपना सुझाव व्यक्त किया। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि क्लब के सभी पदाधिकारीयों एवं सदस्यों का फोटो सहित होर्डिंग बोर्ड तहसील परिसर में लगवाने पर सहमति बना।इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार जगदीश गुप्त सुनील अग्रवाल रवि त्रिपाठी विजय चौरसिया प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष नौतनवा अतुल जायसवाल उपाध्यक्ष गुलाम मुस्तफा इद्रीशी अरविन्द मिश्रा महा मंत्री विनोद पटवा मंत्री दिनेश जायसवाल संगठन मंत्री सुनील शर्मा आय व्यय निरिक्षक विजेन्द्र पान्डेय कोषाध्यक्ष अशोक गुप्त सदस्य संदीप जायसवाल गोविंद सहानी बद्री अग्रहरी पवन विश्कर्मा सागर विश्कर्मा शकील सिद्दीकी साबिर अख्तर सहित आदि पत्रकार काफी संख्या में मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन के लिए एक जुट हो शिक्षक, कर्मचारी:राजेश धर

शैक्षिक संगोष्ठी व सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। शिक्षक हमारे भविष्य का आकार देने और हैं एक बेहतर व्यक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। ज्ञान, जानकारी और समृद्धि के वास्तविक धारक शिक्षक ही हैं जो हमारे जीवन के लिए विकसित और तैयार करते हैं।वह जानते हैं कि उनका छात्र राष्ट्र का भविष्य है। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता वह जहां भी रहेंगे समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। उक्त बातें ब्लॉक संसाधन केंद्र गोला के प्रांगण में प्राथमिक शिक्षक संघ–गोला द्वारा आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी व सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में जिला अध्यक्ष राजेश धर दुबे ने कही। आगे उन्होंने कहा कि संघ पुरानी पेंशन की बहाली के लिए संघर्ष कर रहा है सभी शिक्षक, कर्मचारी एक जुट रहे सफलता जरूर मिलेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष भक्त राज राम त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं शिक्षा के माध्यम से शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कारवान चरित्रवान बनाते हैं जो आगे चलकर आदर्श नागरिक बन राष्ट्र निर्माण में अग्रणीय भूमिका अदा करते हैं। जिला कोषाध्यक्ष सुधांशु सिंह ने कहा कि आदर्श शिक्षक जहां भी रहेंगे वह मनोयोग से राष्ट्र निर्माण में लगे रहेंगे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र राय ने कहा कि निवृत होना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है लेकिन विद्यालयों में दिए योगदान को समाज सदैव याद रखेगा। विद्यालय के प्रति क्रिया कलाप बच्चो एवम् शिक्षकों को चिरस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम को ज्ञानेद्र ओझा, अनिल पांडेय, युगेश शुक्ल,सुमंत सिंह, अशोक नाथ त्यागी ने भी ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व दस वर्ष के सेवानिवृत्त 48 शिक्षकों को अंग वस्त्र, रामायण व उपहार भेंट किए गए। संचालन संघ के संयुक्त मंत्री रवींद्र नाथ यादव ने किया। अंत में ब्लॉक अध्यक्ष काशीनाथ तिवारी व मंत्री प्रेम प्रकाश सिंह ने ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षक मनोज सिंह, उपेंद्र मिश्र, रामनयन शुक्ल, सूर्य प्रताप राय, सुरेश कुमार, नीलम राय, आकांक्षा राय, संजीव कुमार, दिवाकर मौर्य, प्रदीप मिश्र, संतोष यादव, सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहें। काशीनाथ तिवारी अध्यक्ष, प्रेम प्रकाश सिंह मंत्री निर्वाचित ब्लॉक इकाई के निर्वाचन के क्रम में अध्यक्ष के लिए दो पर्चे काशीनाथ तिवारी व रवि प्रताप ने लिए लेकिन रवि प्रताप का पर्चा खारिज हो गया क्योंकि वह प्राथमिक शिक्षक संघ के लगातार तीन वर्ष तक सदस्य नही थे। मंत्री के लिए एक ही पर्चा प्रेम प्रकाश सिंह ने लिया।इस प्रकार अध्यक्ष के लिए काशीनाथ तिवारी व प्रेम प्रकाश सिंह को मंत्री पुनः तीन वर्ष निर्वाचित किया गया।

गोला कोतवाल जयनारायण शुक्ला का हुआ स्थानान्तरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। गोला थाने पर तैनात कोतवाल जय नारायण

शुक्ला का जिला पुलिस मुखिया ने स्थानांतरण कर उन्हें कोतवाल बड़हलगंज बना दिया। उनके स्थान्तरण की खबर से क्षेत्र की जनता स्तब्ध हो गयी। मंगलवार को बड़े ही धूम धामके साथ उनकी बिदाई की गई। अपने बिदाई अवसर पर शुक्ल काफी भावुक दिखे। उन्होंने कहा कि लगभग सौ दिन का कार्यकाल यहां के स्टाफ और क्षेत्र की जनता के साथ मेरा रहा। सभी लोगो का सहयोग सराहनीय रहा। सनद रहे कि निवर्तमान कोतवाल जयंत सिंह के स्थानांतरण के बाद शुक्ला ने जिला पुलिस मुखिया के निर्देश पर गोला कोतवाली का कमान अगस्त माह में सम्भाला था। पीड़ितों को न्याय दिलाना इनकी प्रथमिकता में था। अपनी कार्य शैली से क्षेत्र की जनता के दिलो में अल्प समय मे बस व रम गए थे।

कर–करेत्तर व राजस्व वसूली में तेजी लायें अधिकारी: जिलाधिकारी

ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये सुनिश्चित–जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने सोमवार की सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यक्रमों व कर–करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कर–करेत्तर व राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय द्वारा राजस्व वसूली 100 प्रतिशत के सापेक्ष 70 प्रतिशत पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 राजेश्वर यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वसूली की प्रगति में तेजी लाये साथ ही अवैध परिवहन, ओवर लोडिंग व अवैध तरीके से लगाये गये नम्बर प्लेटों की गहनता से जॉच अभियान चलाकर की जाये, उक्त मामले में जो भी दोषी पाये जाये, उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, कर–करेत्तर राजस्व वसूली की बैठक में वाणिज्य कर अधिकारी अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर अधिकारी अधिकारी स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्टाम्प पंजीयन वसूली से प्राप्त की गयी धनराशि की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा की, जिसमें दुद्धी व राबर्ट्सगंज तहसील के स्टाम्प पंजीयन वसूली की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने तेजी लाने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित ए0आई0जी0 स्टाम्प व समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि स्टाम्प के खर्च से बचने के लिए लोग 100 रूपये के स्टाम्प पर जमीनों खरीदध्करोक्त का कार्य किया जा रहा है, इस मामले में अभियान चलाकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और इस पर पूरी तरह से रोक लगाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने नगर पालिका व नगर पंचायतों के द्वारा की गयी राजस्व वसूली के प्रगति की भी समीक्षा की, समीक्षा के दौरान नगर पालिका परिषद द्वारा लक्ष्य के अनुरूप वसूली पायी गयी और नगर पंचायतों द्वारा राजस्व वसूली की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वसूली की प्रगति में तेजी लाये, इसमें शिथिलता कदापि न बरतें, इस दौरान उन्होंने अपर जिलाधिकारी (वि0ध रा0) सहेदव कुमार मिश्र से कहा कि नगर पंचायत क्षेत्रों में टेण्डर प्रक्रिया के मामले में शिकायतें प्राप्त हुईं हैं, उन शिकायतों को नगर पंचायतों में जाकर जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और टेण्डर प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वाले के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग द्वारा की गयी राजस्व वसूली के प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में अवैध तरीके से आने–जाने वाली शराब व इसको बनाने में संलिप्त लोगों के विरूद्ध अभियान चलाकर जनपद में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये, शिथिलता बरतने वाले अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही हेतु शासन को पत्राचार किया जाये, उन्होंने कहा कि मानक के मुताबिक वसूली के लक्ष्य को पूरा करने, तहसील स्तरों पर बकायेदारों पर वसूली की कार्यवाही करने, आर0सी0 का नियमित मिलान करने के साथ ही सरकारी जमीनों को सुरक्षित करते हुए जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये गये, उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाय, जमीनी विवादों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाय, किसी भी हाल में जनमानस के साथ अन्याय न होने पायें, जमीनी मामलों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष तरीके से गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। राजस्व वसूली, आबकारी से जुड़े मामलों को उप जिलाधिकारीगणों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में अपने स्तर से भी निरीक्षण व जायजा लेते रहें, ताकि किसी प्रकार की समस्या न होने पायें। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, उप जिलाधिकारी ओबरा राजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी घोरावल श्याम प्रताप सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

वित्तीय साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड की तरफ से आर्यावर्त बैंक शाखा करमा के सौजन्य से मंगलवार को वित्तीय साक्षरता शिविर जादू द्वारा दिखाने का कार्यक्रम पंचायत भवन ध ौरहरा के समीप किया गया। मिर्जापुर से आए जादू सम्राट यश कुमार ने जादू के माध्यम से ध ान संचय करने, पैसे की निकासी करने के तरीके के विषय में बताया गया। मिर्जापुर से आई शशिबाला श्रीवास्तव ने बताया कि धन को निकालने में सावधानी बरतनी चाहिए। जब भी धन निकाले काउंटर पर ही पैसे की गिनती करने के बाद ही बाहर निकले। बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ,जीवन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, समेत कई बिंदुओं पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि गलत ढंग से कोई आधार कार्ड का नंबर या कोई मैसेज भेजता है तो अपने बैंक शाखा से जाकर जरूर संपर्क करें। बैंक से आए केशवकुमार ने बताया कि किसी भी प्रकार की बैंक संबंधी समस्या हो तो शाखा पर आकर उसका लाभ उठाएं। उक्त अवसर पर संतोष कुमार, दीपिका विश्वकर्मा, रामपति पटेल, रमेश कुमार सिंह, विजय शेखर सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर निकाली जागरूकता बाइक रैली

दैनिक बुद्ध का संदेश

चोपन/सोनभद्र। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों ने प्रध ानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जागरूकता बाइक रैली निकालकर किसानों को फसल बीमा योजना से अवगत कराया और इस योजना को गति देने का काम किया जिला मुख्यालय उप कृषि निदेशक कार्यालय से आरंभ होकर बाइक रैली जनपद के विभिन्न गांवों में जाकर योजना के बारे में लोगों को जागरुक किया, रैली का शुभारंभ उप कृषि निदेशक दिनेश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी फसल की सुरक्षा हेतु किसान फसल बीमा कराने हेतु अपने नजदीकी कामन सर्विस सेंटर सीएससी के जरिए 31 दिसंबर तक कराएं। सीएससी ई–गवर्नेंस के जिला प्रबंध क आशीष पांडेय ने बताया कि सीएससी केंद्र पर पंजीकरण कराते समय किसान को खसरा खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, स्वघोषित बुवाई प्रमाण पत्र की कॉपी ले करके अपनी फसल का बीमा करा सकते है, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु जनपद सोनभद्र में बीमा कंपनी एचडीएफसी अर्गो इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से जिला प्रतिनिधि मयंक शर्मा, सीएससी केंद्र संचालक व विवेक कुमार, हरिकेश मौर्या, अभय कुमार, कन्हैया लाल मौजूद रहे।

जिला अधिकारी ने महादेवा मेले का शुभारंभ किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। महादेव की नगरी महादेवा में 2.00 बजे जिला अधिकारी बाराबंकी अविनाश कुमार व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति सिंह के साथ महादेवा के मुख्य द्वार पर मंत्र उच्चारण के साथ फीता काटकर व परंपरागत तरीके से विधिवत् पूजा अर्चना करके शुभारंभ किया। महादेवा मेला शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी व उनकी धर्म पत्नी ने मंदिर में भगवान शिव की विधिवत् पूजा अर्चना की ।जिलाधिकारी ने सभी श्रद्धालुओं, सभी जनपद वासियों को बहुत बहुत शुभकामनाएं दी। जिलाधिकारी ने कहा कि महादेवा मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित पर्याप्त प्रशासनिक व्यवस्थाएं की जा चुकी है। मेले में प्रकाश तथा पानी व्यवस्था सहित अन्य समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करने से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा प्रदान होगी। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि महादेवा प्रकटोत्सव में शामिल होकर बहुत ही अध्यात्मिक अनुभूति हुई है। यही अनुभूति इस महान मंदिर की परिचायक है। उन्होने कहा कि मेले की व्यवस्था में उप जिलाधिकारी ने अपनी टीम के साथ मिलकर बहुत मेहनत की है। उन्होने कहा कि इस महादेवा मेले को प्रदेश स्तर पर ले जाने के प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान भूतपूर्व विधायक रामनगर , भूतपूर्व विधायक हैदरगढ़, अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह , उप जिलाधिकारी रामनगर सुश्री तान्या, उपायुक्त एनआरएलएम, तहसीलदार रामनगर, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में छात्र की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। चिनहट सतरिख मार्ग पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई इंदिरा नहर के पास से गुजरा नेशनल हाईवे संख्या 27 तेज रफ्तार से आ रहा वाहन युवकों को रौंदता हुआ निकल गया और खुद जाकर डिवाइडर में टकरा गए जिससे टक्कर मारने वाला वाहन मौके पर ही क्षतिग्रस्त हो गया वाहन की टक्कर से हुई छात्र की मौत पुलिस के अनुसार बादशाह नगर निवासी के रूप में हुई है पुलिस ने क्षत–विक्षत गाड़ी को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है वही टक्कर मारने वाला मौके से नौ दो ग्यारह हो गया पुलिस की जानकारी के अनुसार परिजनों के जैसे ही जानकारी मिली परिजनों में कोहराम मच गया गाड़ी संख्या यूपी 32 एम वी 7082 टक्कर मारने वाले वाहन पर मोनोग्राम लगा हुआ था जिससे आसपास के लोगों की जानकारी के अनुसार किसी पुलिसकर्मी की गाड़ी थी जिससे उसका लड़का किसी लड़की को लेकर सतरिख क्षेत्र जा रहा था गाड़ी पर पुलिस का मोनोग्राम लगा होने से बे भय गाड़ी चलाते हुए एक छात्र को रौंदकर मार डाला जब तक कि मौके पर आसपास के लोग एकत्रित होते लड़का और लड़की दोनों घटनास्थल से गायब हो गए वाहन स्वामी की पहचान रजत सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस पेंशनर्स की गोष्ठी, सम्बन्धित को आदेशित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में पुलिस पेंशनर्स की गोष्ठी आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पेंशनरों से परिचय प्राप्त कर बारी–बारी उनकी समस्याओं को सुना गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनरों के लम्बित देय एवं उनकी अन्य सभी प्रकार की समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके निराकरण कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उक्त गोष्ठी में प्रतिसार निरीक्षक आदि अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नवजात शिशु के शव को तालाब से ही किया बरामद,डीएनए टेस्ट को भेजा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सतरिख/बाराबंकी। अविवाहित दुष्कर्म पीड़िता के नवजात बच्ची का शव छह दिन बाद पुलिस ने पीड़िता के भाई की निशानदेही पर गांव के बड़े तालाब से बरामद किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों की मांग पर उसका डीएनए टेस्ट होगा। सतरिख थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती ने 16 नवंबर को घर में बच्चे को जन्म दिया था। युवती की मां की पूर्व में मौत 20 वर्ष पहले ही हो चुकी है। वह मानसिक मंदित ही बताई जा रही है। उसके साथ गांव के निवासी सोनू पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़िता की ओर से सोनू के विरुद्ध दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को जेल भेज दिया है।पुलिस ने सात दिनों बाद मंगलवार को युवती के शिशु को गांव के पास स्थित बड़े तालाब से बरामद कर लिया है। चर्चा है कि पन्नी में लपेट कर फेंके गए शव को युवती के भाई की निशानदेही पर तालाब से बरामद कर लिया गया जिसे पुलिस थाने ले गई बाद में गांव के ग्रामीण भी थाने पहुंच गए। पुलिस से शव का डीएनए टेस्ट कराने की मांग की जिस पर पुलिस ने डीएनए टेस्ट कराने की बात कही है।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244
थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम प्रार्थी जियाउल हक पुत्र इनामुलहक अपनी भूमि जरिए बनामा कन्हैयालाल मित्तल पुत्र स्व राजेन्द्र प्रसाद मित्तल पता नगर पंचायत बढ़नी वार्ड नं 10 आर्य नगर पोस्ट बढ़नी शोहरतगढ सिद्धार्थनगर , से दिनांक 26ध09ध2012 को लिया ने भी जरिए बैनामा दिनांक 26ध09ध2012 को जिल्द सं 2592 जो सब रजिस्ट्रार शोहरतगढ सिद्धार्थनगर में दर्ज है से मालिक थी उक्त बैनामा 26ध09ध2012 ध 2592 की मूलप्रति दिनांक 2ध11ध22 को सिद्धार्थनगर से घर जातें वक्त कहीं गिर गया (खो गया) तथा आज तक काफी ढूंढने के बाद भी नहीं मिला , उक्त भूमि को हम प्रार्थिनी श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड सिद्धार्थनगर में बन्धक रख कर व्यवसायिक ऋण ले रही हूं यदि किसी को बैनामा दिनांक 26ध09ध2012ध2592 की मूल प्रति मिली हो, या कोई आपत्ती हो तो वह सात दिवस के अन्दर हमारे अधिवक्ता श्री कैलाश नाथ गिरी जी दिवानी न्यायालय सिद्धार्थनगर, जिनका मोबा नं 9936249581हैं, के कार्यालय में अपनी आपत्ती दर्ज करा सकता है।।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम प्रार्थिनी शबनम परवीन पत्नी अतीकउर्रहमान अपनी भूमि जरिए बनाना अर्चना अग्रहरी पुत्री रामजीत अग्रहरी ग्राम वर्डपुर नं १२ टोला आमा , से दिनांक ०८ध१२ध२०१७ को लिया था अर्चना अग्रहरी ने भी जरिए बैनामा दिनांक १५ध०२ध२०१४ को जिल्द सं ३०८० जो सब रजिस्ट्रार नौगढ़ सिद्धार्थनगर में दर्ज है से मालिक थी उक्त बैनामा १५ध०२ध२०१४ ध३०८० की मूलप्रति दिनांक ०१ध११ध२२ को नौगढ़ से घर जातें वक्त कहीं गिर गया (खो गया) तथा आज तक काफी ढूंढने के बाद भी नहीं मिला , उक्त भूमि को हम प्रार्थिनी श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड सिद्धार्थनगर में बन्धक रख कर व्यवसायिक ऋण ले रही हूं यदि किसी को बैनामा दिनांक १५ध०२ध२०१४ ध३०८० की मूल प्रति मिली हो, या कोई आपत्ती हो तो वह सात दिवस के अन्दर हमारे अधिवक्ता श्री कैलाश नाथ गिरी जी दिवानी न्यायालय सिद्धार्थनगर, जिनका मोबा नं 9936249581हैं, के कार्यालय में अपनी आपत्ती दर्ज करा सकता है।।

टेनिस एल्बो क्या है, जाने इसके लक्षण और उपचार

टेनिस एल्बो कोहनी में होने वाले दर्द का एक प्रकार है। यह एक दर्दनाक स्थिति होती है जो कोहनी के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण विकसित हो सकती है। यह रोग सबसे अधिक टेनिस खेलने वाले खिलाडियों में होता है और इसी वजह से इसका नाम टेनिस एल्बो रखा गया है। टेनिस एल्बो दर्दनाक स्थिति है। जब कोहनी के बाहर के टेंडन यानी मांसपेशी को एक हड्डी से जोड़ से जोडने वाले ऊतक, पर या कोहनी के पास ऊपरी बांह की तरफ चोट लगने के कारण दर्द की स्थिति बनती है, तो इसे डॉक्टरी भाषा में टेनिस एल्बो या लेटरल एपिकॉन्डिलाइटिस कहा जाता है । रैकेट का उपयोग करने वाले, गोल्फ खेलने वाले और टेनिस खेलने वालों में यह समस्या आम है। कहा जाता है कि यह चोट उन लोगों में आम है, जो बहुत अधिक टेनिस या अन्य रैकेट खेल खेलते हैं, इसलिए इसका नाम टेनिस एल्बो है।

टेनिस एल्बो होने का कारण

' जो लोग रैकेट खेलते हैं, उन्हें कोहनी के बाहर के टेंडन को चोट लगने की सबसे अधिक संभावना होती है।

प्तकोहनी का या मांसपेशियों का बार–बार उपयोग करते रहने पर टेंडन में छोटे छोटे टिअर्स बन जाने पर भी इसकी समस्या हो सकती है।

' कोई भी ऐसी गतिविधि जिसमें बार–बार कलाई को घुमाना शामिल है, टेनिस एल्बो का कारण हो सकता है। जैसे कि पेंटर, प्लंबर, श्रमिक, रसोइया और कसाई के कार्य।

' यह स्थिति कंप्यूटर की–बोर्ड पर बार–बार टाइप करने और माउस के प्रयोग के कारण भी हो सकती है।

टेनिस एल्बो के लक्षण

' कलाई का इस्तेमाल करते समय दर्द का अनुभव होना।

' किसी से हांथ मिलाते समय दर्द होना।

' किसी भी वस्तु को उठाने पर कमजोर पकड़ का होना।

' कोई सामान उठाने पर भी कलाई और कोहनी के बीच वाले हिस्से में दर्द होना।

' हाथ को फैलाते समय दर्द महसूस होना।

' कोहनी के आसपास की मांसपेशियों में अकडन का अनुभव भी हो सकता है।

टेनिस एल्बो का उपचार

फिजियोथेरेपीः टेनिस एल्बो के कारण होने वाले दर्द और इसके प्रभाव को कम करने के लिए फिजियोथेरेपी भी एक बेहतर विकल्प हो सकता है। इसमें हाथों के व्यायाम की सलाद दी जा सकती है।

दवाएंः दर्द और सूजन की स्थिति को कम करने के लिए डॉक्टर नॉन–स्टेरायडल एंटीइंफ्लेमेटरी दवाएं लिख सकता है, जिनका उपयोग मौखिक रूप से किया जा सकता है।

बर्फ से सिकाईः प्रभावित क्षेत्र पर बर्फ लगााने से यह रक्त वाहिकाएं संकुचित हो जाती हैं जिससे दर्द में कमी महसूस होती है। दिन में कई बार 15 से 20 मिनट के लिए बर्फ का प्रयोग सिकाई के लिए किया जा सकता है।

मालिशः मालिश करने पर यह रक्त संचार और कोशिका की गतिविधि को बढ़ा सकती है, डीप–फ्रिक्शन मसाज फाइब्रोब्लास्ट गतिविधि को बढ़ा कर नए कोलेजन उत्पन्न करने का कार्य करती है। वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार कम से कम दस मिनट मसाज करने से दर्द कम हो सकता है साथ ही ताकत और गतिशीलता में वृद्धि हो सकती है।

आरामः टेनिस एल्बो के दर्द से बचने के लिए डॉक्टर आराम करने की सलाह दे सकते हैं। रोगी को हर 15 मिनट में 1 मिनट का ब्रेक और हर 20– से 30 मिनट के कार्य के बाद 5 मिनट का ब्रेक लेने की सलाह दी जाती है। यह कमी लंबी अवधि के दर्द और अक्षमता को रोकने में मददगार हो सकता है।

अजय देवगन की भोला में स्पेशल अपीयरेंस करेंगी अमला पश्चल

अजय देवगन के निर्देशन में बनी चौथी फिल्म भोला के निर्माताओं ने घोषणा की है कि दक्षिण की जानी–मानी अभिनेत्री अमला पॉल फिल्म में विशेष भूमिका निभाएंगी। अमला पॉल, जो

मैना में अपने प्रदर्शन के लिए सबसे अच्छी तरह से जानी जाती हैं, उन्हें अजय देवगन के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, एक्शन फालतूगांजा में एक विशेष भूमिका निभानी है। अभिनेत्री के करीबी सूत्रों ने कहा कि वह अगले शेड्यूल में टीम में शामिल होंगी, जिसकी योजना इस साल दिसंबर में बनाई जा रही है। फिल्म में अजय देवगन और तब्बू जैसे पावरहाउस अभिनेताओं के साथ एक उदार स्टारकास्ट है। धर्मेंद्र शर्मा द्वारा निर्देशित, भोला तमिल सुपरहिट, कैथी की रीमेक मानी जा रही है, जिसमें कार्थी मुख्य भूमिका में हैं।

अजय देवगन की दृश्यम 2 ने पहले सप्ताह में की 64 करोड़ रुपये की कमायी

अभिनेता अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों को भी पसंद आई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी अपनी रफ्तार पकड़ चुकी है। सिनेमाघरों में अच्छी शुरुआत मिलने के बाद इस फिल्म ने अपने पहले वीकेंड में करीब 64 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिल्म 18 नवंबर को बड़े पर्दे पर आई थी। दर्शकों का मानना है कि पहले भाग की तरह इसके दूसरे भाग में भी रोमांच बरकरार है। समीक्षक तरण आदर्श फिल्म के पहले वीकेंड का कलेक्शन शेयर किया है। पहले दिन फिल्म ने 15.38 करोड़ रुपये बटोरे। दूसरे दिन इसने 21.59 करोड़ रुपये का कारोबार किया। रविवार को दृश्यम 2 ने अपने खाते में 27. 17 करोड़ रुपये जोड़े। इस प्रकार फिल्म की कुल कमाई का आंकड़ा 64.14 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा। शुरुआती रुझान को देखते हुए कई समीक्षकों का मानना है कि यह फिल्म सुपरहिट साबित होगी। बता दें कि पहले दिन के कलेक्शन के बाद फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया था। ओपनिंग डे की तुलना में दूसरे दिन इसकी कमाई में करीब 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। तीसरे तीन इसके कलेक्शन में लगभग 26 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग भी काफी अच्छी रही थी। रिलीज से पहले फिल्म के 35,000 से ज्यादा टिकट बुक हो गए थे। इसी के साथ दृ श्यम 2 ओपनिंग वीकेंड में साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म बन गई। रणबीर कपूर की ब्रह्मास्त्र इस सूची में पहले स्थान पर है। इस फिल्म ने अपने पहले वीकेंड में 120.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने अपने पहले वीकेंड में 55.96 करोड़ रुपये कमाए थे। अक्षय कुमार की राम सेतु ने पहले वीकेंड में 55.48 करोड़ रुपये बटोरे थे। दृश्यम 2 में अजय के अलावा अभिनेत्री तब्बू और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिकाओं में दिखे हैं। श्रिया सरन, इशिता दत्ता, रजत कपूर, सौरभ शुक्ला और कमलेश सावंत भी फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि विजय सालगांवकर (अजय) का परिवार फिर मुसीबत में फंस जाता है। इस बार अक्षय ने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में अपनी छाप छोड़ी है। इसका निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है। ऑरिजनल फिल्म दृश्यम 2015 में रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन निशिकांत कामत ने किया था। निशिकांत अब इस दुनिया में नहीं रहे। अगस्त, 2020 में 50 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

कहानी के बारे में और सुराग देता है भेडिया का स्पेशल ट्रेलर

वरुण धवन और कृति सेनन अभिनीत फिल्म भेडिया की

रिलीज से पहले फिल्म के निर्माताओं ने शनिवार को फिल्म का एक विशेष प्री–रिलीज ट्रेलर जारी किया है। 1 मिनट और 30 सेकेंड के इस विशेष वीडियो में फिल्म की और भी कई बारीकियां हैं। यह लिटिल रेड राइडिंग हूड की कथा से भी सूक्ष्म संदर्भ लेता है। अपने पूर्ववर्ती की तरह, विशेष ट्रेलर में भी अच्छी इमेजरी, वीएफएक्स और रंगों का दावा किया गया है, जिसमें वरुण धवन टिट्युलर किरदार में डैशिंग दिख रहे हैं। यह एक विद्रोही समूह को सड़कों पर बेतहाशा घूमते हुए भी दिखाता है। प्राचीन अरुणाचली लोककथाओं पर आधारित यह फिल्म एक साधारण व्यक्ति भास्कर की कहानी बताती है, जो पौराणिक जानवर द्वारा काटे जाने के बाद भेडिये में बदलना शुरू कर देता है। जियो स्टूडियोज और दिनेश विजान द्वारा प्रस्तुत, भेडिया एक मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन है, जो अमर कौशिक द्वारा निर्देशित और दिनेश विजान द्वारा निर्मित है। फिल्म, जिसमें दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी भी हैं, 25 नवंबर, 2022 को 2डी और 3डी में हिंदी, तेलुगु और तमिल में पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

अपने सुबह के रुटीन में शामिल करें 5 आदतें, दिनभर रहेंगे तरोताजा

सर्दियों के मौसम में सुबह–सुबह बिस्तर से उठना किसी को भी अच्छा नहीं लगता है, लेकिन जो लोग ऑफिस जाते हैं, उनके लिए ठंड में भी सुबह जल्दी उठना और तरोताजा महसूस करना जरूरी होता है। इसके लिए सुबह की शुरुआत हमेशा स्वस्थ तरीकों से ही करनी चाहिए। आज हम आपको सुबह की पांच ऐसी आसान और बेहतरीन आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप पूरा दिन अच्छा महसूस कर सकेंगे।

सोने से पहले ही तय कर लें अगले दिन का रूटीन

रात में सोने से पहले आपको अगले दिन के सभी कार्यों के बारे में सोच–विचार कर एक सूची बना लेनी चाहिए। अपने पूरे दिन को व्यवस्थित करने के लिए यह बहुत अच्छा तरीका है और यह आपको अपने लक्ष्यों को लेकर घबराने से भी रोकेगा। इसकी मदद से आपका ध्यान आपके कार्यों पर केंद्रित रहेगा। इसके साथ ही अगले दिन को लेकर स्पष्टता होने से आप अपना समय अच्छे से मैनेज कर सकते हैं।

सुबह उठते ही अपना फोन चेक करने से बचें

आजकल सभी लोग उठते ही अपने फोन चेक करने लगते हैं। किसी को व्हाट्सएप ग्रुप के मैसेज देखने होते हैं तो किसी को इंस्टाग्राम की रील्स, वहीं कुछ लोगों को अपने काम से रिलेटेड ईमेल का जवाब देना होता है। यह बहुत गलत आदत है, जिसे आपको बदलना चाहिए। सुबह सबसे पहले अपने फोन को चेक करने से आपकी रचनात्मकता को नुकसान होता है और आपको सुबह–सुबह बिस्तर से उठने में भी आलस आता है।

उठते ही एक गिलास पानी पीएंः सुबह उठने के बाद आपको एक गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। इससे आप जागने के बाद थका हुआ महसूस नहीं करेंगे। रातभर जब आप सोते हैं तो आपका शरीर पानी के बिना रहता है। इससे शरीर डिहाइड्रेट होता है और मेटाबॉलिज्म को भी कम कर देता है। इसलिए सुबह चाय या कुछ भी खाने–पीने से पहले ऊर्जावान महसूस करने के लिए एक गिलास पानी पीएं।

15 मिनट तक सुबह की धूप जरूर लें

सूरज की रोशनी आपके शरीर के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए बेहद जरूरी है। हर दिन नियमित रूप से सुबह के सूरज को देखने से शरीर के चक्र में तालमेल बना रहता है। इससे रात में आपको बेहतर नींद आती है और अगली सुबह स्थिर और स्पष्ट दिमाग से जागने में भी मदद मिलती है। धूप लेने के लिए आप अपनी छत पर या पार्क में जा सकते हैं। यह आपको प्राकृतिक रूप से तरोताजा महसूस करने में मदद करेगा।

नॉर्मल एक्सरसाइज करके शरीर को स्ट्रेच करेंः सुबह–सुबह अपने कुछ जरूरी काम करने के तुरंत बाद आप नॉर्मल एक्सरसाइज या फिर स्ट्रेचिंग करके अपने शरीर में अच्छे से ब्लड सर्कुलेट कर सकते हैं। इसकी मदद से आप पूरा दिन सक्रिय और बेहतर महूसस करेंगे। इसके अलावा यह आपकी मांसपेशियों को भी आराम देता है और रात को ज्यादा सोने या अजीब स्थिति में सोने से होने वाले किसी भी तनाव या दर्द को दूर करने में मदद करता है।